टाइटल कोडः RAJHIN27921



# मरूधर विशेष



वर्षः 01 अंकः 05 हिन्दी प्रातः कालीन | जयपुर, रविवार, 7 अगस्त, 2022 | हिंदी दैनिक पृष्ठः4 मूल्यः 2 रुपए

**छोटी-बड़ी खबरे...**

## बस गिरने से 5 मौत की सूचना से मचा हड़कंप

### 15-20 मिनट में मौके पर पहुंचे अधिकारी, मॉक ड्रिल होने पर ली राहत की सांस

**टोंक।** टोंक शहर और आसपास के इलाकों में गुरुवार को दोपहर को 12 बजे उस समय हड़कंप मच गया, जब सूचना मिली जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 स्थित बनास पुलिया के टूटने से बस गिर गई और 5 सवारियों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। कलेक्टर, एसपी समेत आला अधिकारी तो मॉक ड्रिल कार्यक्रम के अनुसार पहले ही मौके पर पहुंच गए, लेकिन दूसरे विभाग के कर्मचारी, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड, एसडीआरएफ की टीम 15 से 20 मिनट में मौके पर पहुंची। इस दौरान पता चला कि कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, बल्कि यह एक मॉक ड्रिल है तो लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल पुलिया टूटने के बाद होने वाली आपदा से निपटने के लिए और घायलों को जल्दी इलाज उपलब्ध कराने के लिए मॉक ड्रिल की गई। इसके बाद सभी विभागों ने अपना अपना काम इमरजेंसी की तरह किया। इस दौरान कलेक्टर चिन्मयी गोपाल, एसपी मनीष त्रिपाठी, डीएसपी सालेह मोहम्मद आदि प्रशासनिक अधिकारी समेत पुलिस बल मौके पर तैनात थे। इस दौरान करीब आधे घंटे तक बनास पुलिया पर वन-वे किया गया। इस दौरान वहां से गुजरने वाले लोग और शहर के लोग कोई बड़ा हादसा होना मान रहे थे और वह यह जानकारी जुटाते रहे कि कितना बड़ा एक्सीडेंट हुआ, बस कहां की थी, कितने मरे हैं और कितने घायल हैं। जब लोगों को पता लगा कि ये प्रशासन की ओर से की गई मॉक ड्रिल थी तो उन्होंने राहत की सांस ली।

### आपदा की स्थिति में सभी विभागों की व्यवस्थाओं को जांचा

कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि आपदा के समय में कौन सा विभाग कब रिस्पॉन्स करता है। इसे जांचने के लिए यह मॉक ड्रिल की गई है। इस दौरान मोबाइल पर सूचना देने के करीब 15 से 20 मिनट में सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों समेत प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। मॉक ड्रील के दौरान सभी विभागों का रिस्पॉन्स अच्छा रहा।

# जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति चुनाव जीतेः 528 वोट मिले, मार्गरेट अल्वा 182 पर सिमटीं

**नई दिल्ली।**



जगदीप धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति होंगे। उपराष्ट्रपति के लिए शनिवार शाम 5 बजे वोटिंग खत्म हुई। संसद में दोनों सदनों को मिलाकर फिलहाल 780 सदस्य (राज्यसभा में 8 सीटें खाली) हैं। लेकिन 725 (92.94त्न) सदस्यों ने ही वोट किया। काउंटिंग में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के कैंडिडेट जगदीप धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले। 15 वोट निरस्त कर दिए गए। धनखड़ 11 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है।

### ममता के सांसदों ने क्रॉस वोटिंग की


ममता ने अपने 36 सांसदों को वोटिंग से दूर रहने की बात कही थी, लेकिन टीएमसी सांसद शिशिर अधिकारी और दिव्येंदु अधिकारी ने ममता के फैसले के खिलाफ वोट किया। आंकड़ों के हिसाब से एनडीए कैंडिडेट धनखड़ की जीत के लिए बीजेपी के ही वोट काफी है। बीजेपी के दोनों सदनों में 394 सांसद हैं, यह बहुमत के आंकड़े से ज्यादा है। सपा और शिवसेना के 2, जबकि बसपा के एक सांसद ने वोट नहीं किया। वही, भाजपा सांसद सनी देओल और संजय धोत्रे ने वोट नहीं किया।
कांग्रेस के सीनियर लीडर और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी कोरोना संक्रमित हैं। वे पीपीई किट पहन कर संसद भवन पहुंचे और वोट डाला। शुक्रवार को कोविड टेस्ट में सिंघवी पॉजिटिव पाए गए थे। कांग्रेस के सीनियर लीडर और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी कोरोना संक्रमित हैं। वे पीपीई किट पहन कर संसद भवन पहुंचे और वोट डाला। शुक्रवार को कोविड टेस्ट में सिंघवी पॉजिटिव पाए गए थे।

### 780 का निर्वाचन मंडल, 741 सांसदों ने हिस्सा लिया

अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से 8 सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 788 के बजाय 780 सांसदों का था। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था। राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को मिलाकर TMC के 36 सांसद हैं। NDA की बात करें तो 441 सांसद हैं, 5 मनोनीत सांसदों का भी साथ मिला । इस तरह से धनखड़ के पक्ष में पहले से ही 446 वोट थे। NDA के सांसदों के अलावा धनखड़ को BJD, YSRC, BSP, TDP, अकाली दल और शिंदे गुट का भी समर्थन मिला। इनके 81 सांसद हैं।

### मार्गरेट अल्वा को इन पार्टियों का समर्थन

यूपीए की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को कांग्रेस, DMK, RJD, NCP और समाजवादी पार्टी के वोट मिले। इन पार्टियों के वोटों की संख्या 139 थी। इनके अल्वा झारखंड मुक्ति मोर्चा, TRS और आम आदमी पार्टी ने भी अल्वा को वोट देने का फैसला किया था। इन तीनों के 29 सांसद हैं। शिवसेना के उद्धव गुट के 9 सांसद अल्वा के साथ थे।





## कॉमनवेल्थ गेम्स का नौवां दिनः रवि दहिया पाकिस्तानी पहलवान को हराकर फाइनल में, प्रियंका-अविनाश ने जीता सिल्वर; सिंधु भी अंतिम-4 में

**बर्मिंघम।** बर्मिंघम कॉमेनवेल्थ गेम्स में नौवें दिन के मुकाबले चल रहे हैं। लॉन बॉल्स मेंस फोर्स में भारत ने सिल्वर मेडल जीत लिया है। भारतीय टीम को नॉर्दर्न आयरलैंड के खिलाफ भारत को 18-5 से हार मिली। इसके साथ ही भारत के कुल 29 मेडल हो गए हैं। बॉक्सिंग के 50 चद्द वेट कैटेगरी का मुकाबला चल रहा है। निखत जरीन और सवन्ना अल्फिया आमने-सामने हैं। पहलवान रवि दहिया ने पाकिस्तान के असद अली को हराकर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने 14-4 से मुकाबला जीता। इसी के साथ रेसलिंग में भारत का एक और मेडल पक्का हो गया है। इससे पहले रवि ने 1 मिनट 14 सेकंड में न्यूजीलैंड के पहलवान सूरज को 10-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

### पीवी सिंधु सेमीफाइनल में पहुंचीं

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु विमेन सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने मलेशिया की जिन वी को 19-21, 21-14, 21-18 से हराया। सिंधु अपना पहला गेम हार गई थीं, लेकिन उसके बाद उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबला जीता।
टेबल टेनिस में भारत का एक और मेडल पक्का हो गया है। शरत कमल और साथियां गुणज्ञानशेखरन की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के निकोलस लूम और फिन लू की जोड़ी को 8-11, 11-9, 10-12, 11-1, 11-8 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

**राजस्थान में 4 दिन तेज बारिश का अलर्टः**

# 14 जिलों में होगी बरसात, भीलवाड़ा, भरतपुर एवं अलवर में 3 इंच से ज्यादा पानी बरसा

**जयपुर।** राजस्थान में लगातार तीसरे दिन शनिवार को भी कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। भीलवाड़ा, भरतपुर, अलवर जिलों में 3 इंच से ज्यादा पानी बरसा। सबसे ज्यादा बरसात भीलवाड़ा जिले में हुई। बनास नदी पर बनी त्रिवेणी का गेज बढ़ गया, जिससे बीसलपुर बांध में पानी की आवक तेज हो गई। मौसम केन्द्र जयपुर ने 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 4 दिन मध्यम दर्जे की बारिश होने का अनुमान है। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के काछोला में 117 मीमी. (4.5 इंच) बरसात हुई। इसी तरह अलवर के सोडावास में भी 108 मीमी. बरसात रिकॉर्ड की गई। इन जिलों के अलावा भरतपुर, बाड़मेर, बांसवाड़ा, बूंदी, जयपुर, जैसलमेर,



करौली, राजसमंद, उदयपुर, टोंक समेत अन्य जिलों में भी अच्छी बरसात हुई। राजसमंद, भीलवाड़ा, टोंक सहित कई जगहों पर अच्छी बरसात के बाद बनास नदी का जलस्तर फिर बढ़ गया। बनास पर बनी त्रिवेणी नदी का गेज 2.90 मीटर से बढ़कर 3.30 मीटर पर पहुंच गया, जिससे बीसलपुर बांध में पानी की आवक और तेज हो गई। पिछले 24 घंटे में बांध में 989 क्यूसेक पानी की आवक हुई, जिससे बीसलपुर बांध का गेज 310.73 से बढ़कर 310.80 आरएल मीटर पर पहुंच गया।

### अगले 4 दिन हो सकती है अच्छी बरसात

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक रविवार को उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर सिस्टम डेवलप होगा, जिसके असर से अगले 4 दिन राज्य के कई हिस्सों में अच्छी बारिश होने का अनुमान है। मौसम केन्द्र जयपुर ने 7 से 10 अगस्त तक अजमेर, बांसवाड़ा, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, डूंगरपुर, झालावाड़, कोटा, प्रतापगढ़, राजसमंद, सिरोही, टोंक और उदयपुर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

**गहलोत बोले- फांसी की सजा से रेप बाद हत्याएं बढ़ीं: कहा-**

# रेपिस्ट को लगता है लड़की गवाह बन जाएगी, इसलिए मार डालते हैं

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि निर्भया कांड के बाद जब से यह किया गया कि रेपिस्ट को फांसी की सजा मिलेगी, उसके बाद बच्चियों की रेप के बाद हत्याएं बहुत बढ़ रही हैं। रेप करने वाला देखता है कि कल यह मेरे खिलाफ गवाह बन जाएगी तो हत्या कर देता है। गहलोत शुक्रवार को दिल्ली में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। गहलोत ने कहा- देश में बहुत बड़ा चैलेंज है। पूरे देश से जो रिपोर्ट आ रही है। वह बहुत चिंताजनक है। वैसे भी आप देख रहे हैं कि बेरोजगारी बहुत भयंकर है। महंगाई का जमाना है। असामाजिक तत्व बहुत बढ़ रहे हैं। देश-प्रदेश में क्राइम बढ़ रहा है। हिंसा बढ़ रही है। छोटी-छोटी बातों



पर झगड़े हो रहे हैं। तनाव और हिंसा बढ़ रही है। कहीं, बच्चियों से रेप हो रहे हैं। क्राइम लगातार बढ़ रहा है। जो बहुत चिंता की बात है।

### हर साल 2000 बच्चियों से रेप

राजस्थान में हर साल करीब 2000 बच्चियों से रेप हो रहे हैं। जनवरी 2020 से जनवरी 2022 तक नाबालिग बच्चियों से रेप के 4091 (पॉक्सो एक्ट) केस दर्ज हुए हैं।
वहीं, दो साल में महिलाओं से रेप के कुल 11,368 केस दर्ज हुए हैं। दो साल में 26 मामले ऐसे हैं, जिनमें रेप के बाद हत्या कर दी गई। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के कार्यकाल में नाबालिग से रेप करने वालों को फांसी की सजा का प्रावधान करने का कानून बनाया था। सीएम गहलोत ने नाबालिग से रेप पर फांसी की सजा करने के प्रावधान के बाद बच्चियों की हत्या करने के मामले बढ़ने का बयान दिया है, यह बात पहले भी कई नेता उठा चुके हैं।

**दिल्ली में शराब पर तकरार**

# सिसोदिया ने पूर्व एलजी के खिलाफ सीबीआई को लेटर लिखा, एलजी ने करप्शन के आरोप में 11 अफसर सस्पेंड किए

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में शराब को लेकर आप सरकार और एलजी के बीच तकरार बढ़ती जा रही है। शनिवार को एक तरफ जहां दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नई आबकारी नीति को लेकर पूर्व एलजी अनिल बैजल की ओर से लिए गए फैसले पर सीबीआई जांच की मांग की। दूसरी ओर नए एलजी विनय कुमार सक्सेना ने करप्शन के आरोप में दिल्ली के तत्कालीन आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्णा समेत 11 अफसरों को सस्पेंड कर दिया। मनीष सिसोदिया ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नई आबकारी नीति को पहले पूर्व एलजी अनिल बैजल ने मंजूरी दे दी थी, लेकिन बाद में फैसला रद्द कर दिया। इससे



सरकार को करोड़ों का नुकसान हुआ। यह फैसला क्यों लिया गया? मुझे उम्मीद है कि सीबीआई इसकी निष्पक्ष जांच करेगी। इससे पहले उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने केंद्रीय जांच एजेंसी को पत्र लिखकर नई शराब नीति की जांच की सिफारिश की थी।

### पूर्व एलजी ने दो बार पढ़ी पॉलिसी

सिसोदिया ने कहा कि नई नीति 2021 में लागू की गई थी, लेकिन सत्ता में बैठे कुछ लोगों ने कुछ चुनिंदा लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए इसके एग्जीक्यूशन पर रोक लगा दी। सिसोदिया ने बताया कि पहले दिल्ली में 849 दुकानों का डिस्ट्रीब्यूशन सही नहीं था। नई नीति में पूरी दिल्ली में बराबरी पर दुकान बांटने का प्रस्ताव था। नीति को मंजूरी देने से पहले, पूर्व एलजी ने नीति को ध्यान से पढ़ा था। उन्होंने पहले बदलाव का सुझाव दिया। फिर हमने उसे जून में संशोधन के साथ भेजा। इसे उन्होंने दूसरी बार क्लियर किया था।

## सोनिया-राहुल के लिए 8 साल में पहली बार कांग्रेसी एकजुट

### केंद्र के खिलाफ गहलोत-पायलट, बघेल-सिंहदेव गुटबाजी छोड़ साथ दिखे; आगे क्या होगी रणनीति

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। राहुल गांधी और सोनिया गांधी से ED की ओर से घंटों पूछताछ की जा चुकी है। इसके काउंटर में कांग्रेस केंद्र सरकार के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ने की तैयारी में है। शुक्रवार को दिल्ली में महंगाई के विरोध में निकाले प्रोटेस्ट मार्च के बाद हर राज्य में इस तरह के प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई जा रही है, ताकि जनता के बीच में महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी और भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया जा सके। कांग्रेस इसी महीने 9 से 15 अगस्त के बीच पद यात्रा निकालने जा रही है। हर जिले में कांग्रेसी 75 किलोमीटर की पैदल यात्रा निकालेंगे। डेढ़ महीने बाद कांग्रेस नेताओं की ओर से 2 अक्टूबर से भारत जोड़ो पद यात्रा देश भर में निकाली जाएगी। इसके जरिए भी महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरने की कोशिश होगी।

**गुजरात में पाकिस्तानी मछुआरा गिरफ्तार**

## बीएसएफ ने कच्छ में 5 नाव जब्त कीं; 7 जुलाई को 4 पाकिस्तानी मछुआरों और 10 नौकाओं को पकड़ा था

**गुजरात** के कच्छ जिले के हरामी नाला इलाके में सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शुक्रवार को एक पाकिस्तानी मछुआरे को पकड़ा है। इसके साथ ही पांच पाकिस्तानी नाव भी जब्त की गई हैं। अधिकारियों का कहना है नाव में तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। इससे पहले गुरुवार को भी दो पाकिस्तानी नाव जब्त की गई थीं। बीएसएफ के अधिकारियों ने बताया कि पेट्रोलिंग पार्टी ने शुक्रवार को हरामी नाला के पास पाकिस्तानी नावों की आवाजाही देखी, जो भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रही थीं। बीएसएफ के जवानों ने इलाके को घेर लिया और पांच पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नावों को पकड़ लिया। साथ ही एक मछुआरे को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया, जबकि उसके दूसरे साथी भागने में कामयाब रहे।

**नावों से कुछ संदिग्ध नहीं मिला** - सुरक्षाबलों को नावों की तलाशी के दौरान वहां मछली पकड़ने के जाल और उपकरणों को छोड़कर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। यह कोई पहला मौका नहीं है, जब ऐसी घटना हुई है। लगभग एक महीने पहले, 7 जुलाई को बीएसएफ ने कच्छ में चार पाकिस्तानी मछुआरों को पकड़ा था। साथ ही 10 नावों को जब्त कर लिया था।

**अबॉर्शन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा कमेंट**

## अविवाहित महिलाओं को अबॉर्शन का अधिकार न देना उनकी आजादी छीनने जैसा, इस पर विचार करेंगे



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अविवाहित महिलाओं को गर्भपात के अधिकार से वंचित रखना उनकी व्यक्तिगत आजादी का हनन है। कोर्ट इस कानून में बदलाव कर अनमैरिड महिलाओं को भी अबॉर्शन की अनुमति देने पर विचार करेगा। कोर्ट मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम और संबंधित नियमों की व्याख्या करेगा। इसमें तय होगा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है या नहीं।
जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को इस प्रक्रिया में अदालत की सहायता करने को कहा है।
मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए कानून में शामिल क्यों नहीं किया जा सकता है। उन्होंने साफ किया कि अबॉर्शन के लिए डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

### कानून सबके लिए समानः सुप्रीम कोर्ट

पीठ ने कहा कि विधायिका का क्या इरादा है? यह सिर्फ पति शब्द का उपयोग नहीं करता है। कानून में पार्टनर शब्द का इस्तेमाल किया गया है। कानून सिर्फ शादी के बाद प्रेग्नेंट होने वाली महिलाओं के बारे में ही चिंतित नहीं है, कानून अनमैरिड महिलाओं की भी चिंता करता है। अगर विवाहित महिलाओं को गर्भपात की अनुमति है तो अविवाहित महिलाओं को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। कानून की नजर में हर महिला का जीवन मायने रखता है।
मामला दिल्ली हाईकोर्ट में था, जहां 15 जुलाई को कोर्ट ने अबॉर्शन पर रोक लगा दी थी।

## राजस्थान में कोरोना के केस बढ़ेः 24 घंटे के अंदर 600 नए मरीज मिले



### जयपुर में 5 दिन में डबल हुए केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के केस में अब तेजी से इजाफा होने लगा है। पिछले 24 घंटे के अंदर प्रदेश में 600 नए केस मिले है, हालांकि एक भी मरीज की मौत नहीं हुई। राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां आज 200 से ज्यादा केस आए है और एक सप्ताह के अंदर जयपुर में केसों की संख्या डबल हो गई है।

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट राजस्थान से मिली रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 27 फरवरी के बाद 500 से ज्यादा केस आज आए है। हालांकि अभी जो मरीज मिल रहे है वह ज्यादातर सामान्य लक्षण वाले है। आज जारी रिपोर्ट देखे तो सबसे ज्यादा केस 214 जयपुर में आए है। इसके अलावा जोधपुर 55, अलवर 53, उदयपुर 45, अजमेर 38, दौसा 27, चित्तौड़गढ़ 25, कोटा 18, नागौर, सीकर में 17-17, सिरोही, डूंगरपुर में 14-14, राजसमंद में 11, भीलवाड़ा 9, जैसलमेर 8, बीकानेर, धौलपुर, झालावाड़ में 7-7, बाड़मेर 4, बांसवाड़ा, सवाई माधोपुर में 3-3 और पाली, हनुमानगढ़, चूरू और भरतपुर में एक-एक केस मिला है। पूरे राज्य में आज 191 मरीज रिकवर हुए है, जबकि एक्टिव मरीजों की संख्या 3016 पर पहुंच गई। राजधानी जयपुर में कोरोना के केस सबसे तेजी से बढ़ रहे है। यहां पिछले एक सप्ताह के अंदर केस डबल हो गए है। 1 अगस्त को जयपुर में 109 केस आए थे, जो अब बढ़कर 214 पर पहुंच गए। पिछले 6 दिन के अंदर जयपुर में 862 केस आ चुके है, लेकिन एक मौत किसी भी मरीज की नहीं हुई। केस ज्यादा आने के कारण एक्टिव केस भी 600 से बढ़कर 1057 हो गए।

## महात्मा गांधी स्टेडियम में हर-घर तुलसी पौधा आयोजन के तहत 101 लोगों को तुलसी पौधे वितरण किए

मरुधर विशेष/हवासींह चौधरी

**बहरोड ।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा छ अगस्त प्रातः 6~30 बजे शहर के मध्य स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में हर-घर तुलसी पौधा आयोजन के तहत 101 लोगों को तुलसी पौधे वितरण कार्यक्रम किया गया । हर घर तुलसी पौधा वितरण कार्यक्रम के दौरान मेंबरशिप कमेटी चेयर पर्सन लायन प्रमोद अग्रवाल ने कहा कि तुलसी जी की स्थापना से आध्यात्मिकता का मार्ग प्रशस्त होता है जिस घर में मां तुलसी जी की पूजा होती है वहां पर सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है नकारात्मकता दूर हो जाती है साथ ही किसी भी प्रकार के विषैले जीव जंतु उस घर में प्रवेश नहीं करते , हिंदू परिवारों में मां तुलसी की पूजा का विशेष महत्व है एवं तुलसी जी के अंदर कई प्रकार के वैज्ञानिक गुण पाए जाते हैं साथ ही तुलसी जी के सेवन से मानव शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी उत्पन्न होती है । आयोजन की शुरुआत लायन पंडित रघुनंदन शास्त्री जी ने मंत्रोचार के साथ करवाई साथ ही लायन अध्यक्ष राकेश रोहिल्ला सचिव मुकेश यादव कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल राकेश गोयल संदीप अग्रवाल विपिन दीवान प्यारे लाल सैनी निर्मल कौशिक आलोक अग्रवाल नवीन गोयल उपस्थित रहे । उक्त आयोजन लायन दिनेश अग्रवाल के आर्थिक सहयोग से संपन्न हुआ ।

## सैनिक ओर तिरंग़ा देश की धरोहर - जगजीत यादव

मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** आज़ादी के 75 वे अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा नेता जगजीत सिंह यादव के नेतर्त्व में 151 फिट लंबे तिरंगे के साथ व भारत माता के जय कारों के साथ नगरपालिका बड़ोंद विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी! रैली का सुभारम्भ ब्राइट फ्यूचर चिल्ड्र्न एकडमी के पूर्व सेनिक को का सम्मान कर के शुरूवात की गयी इस अवसर पर जगजीत सिंह यादव ने कहा की सैनिक इस देश की धरोव है जिस से हमे संघर्ष व पराक्रम एवम् राष्ट्र रक्षा की प्रेरणा मिलती है तथा भाजपा जिला मंत्री डॉ नीलम यादव ने कहा की हर भारतीय को देश व सैनिक के सम्मान मे अपने अपने घरों पर तिरंगा लगाना चाहीये ! भाजपा एवम् ब्राइट फ्यूचर एकडमी तत्वधान मै आयोजीत स्कूल परिसर से बड़ोंद के मुख्य रास्तो से होते हुए वापिस स्कूल परिसर मे समाप्त हुई स्कूल निर्देशक संजय चौधरी एवंम प्रियंका चौधरी ने सभी का धन्येवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर भाजपा नेता जगजीत सिंह यादव भाजपा व जिला मंत्री डॉ नीलम यादव हव्र्ष्ट जिला अध्यक्ष जले सिंह रावत जी अंतरराष्ट्रीय हिन्दू सेना प्रदेशाध्यक्ष अनिल यादव मंडल अध्यक्ष राधेश्याम बोहरा,संजय मीर, संजय चोधरी, प्रियंका चोधरी, सूबेसिंह चौहान, हीरा चोधरी, रामसिंग़ यादव, जितु ओला,प्रशांत शर्मा महेश यादव रविकान्त गोतम जितेंद् रप्रदीप मनदीप नरेंद्र संदीप चोधरी आदि कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे




## तिजारा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर 10 अगस्त को होगी तिरंगा बाइक रेली

मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव के उपलक्ष में तिजारा में 10 अगस्त शहीद स्मारक से होने जा रही विशाल तिरंगा बाइक रैली के संबंध में आज आयोजकों के द्वारा राजस्थान इंस्टिट्यूट सार्थक इंस्टीट्यूट दहिया लाइब्रेरी एवं टारगेट लाइब्रेरी शिवम चौधरी जिम मे संपर्क किया गया जहां युवाओं को तरंगा वितरण किया गया युवाओं के द्वारा भारत माता के जयकारे तिरंगा अमर रहे के नारों के साथ में रैली में भाग लेने के लिएजोश दिखा इस अवसर पर कोचिंग के डायरेक्टर मोहनलाल सैनी मोहित सैनी अंकित सैनी अशोक यादव ने बढ़ चढ़कर भाग लेने की सहमति दी इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बने सिंह गुर्जर युवा मोर्चा के अध्यक्ष निरंजन सेन पुरुषोत्तम सैनी एडवोकेट सुंदर चौधरी रवि कसाना धर्मवीर सैनी सुरेश यादव मौजूद रहे

## तिजारा पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया



मरुधर विशेष राकेश सैनी

तिजारा पीडब्लूडी द्वारा सड़क निर्माण कार्य शुरु किया गया वार्ड नंबर 21 पार्षद अनिल बंसल के अनुसार ग्यारसी खाती के मकान से लेकर हनुमान बगीची रोड तक व ग्यारसी खाती के मकान से लेकर शनि मंदिर होते हुए खुरा नीचे तक शनि मंदिर से लेकर होली टीबा सीसी रोड का बनाया है पार्षद अनिल बंसल में बताया इसकी लागत 40 लाख रुपए अनुमानित है। इस मौके पर चेयरमैन झब्बू राम सैनी , पार्षद हरिप्रसाद जांगिड़, अरुण सिंगल ,गुल्लू जांगिड़ राज दत्त मिश्रा, महंत जस्सू महाराज मदन सुनारिया अनिल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## युवा भगतसिंह सेना का सातवां रक्तदान शिविर जसाई में 11 को

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** युवा भगत सिंह सेना के तत्वावधान में सातवां विशाल रकत दान शिविर का आयोजन युवा भगत सिंह सेना प्रदेश अध्यक्ष व जसाई सरपंच विरेंद्र कुमार शर्मा उर्फ वीरू पंडित के जसाई स्थित कार्यालय पर 11 अगस्त रक्षा बंधन महापर्व के दिन लगाया जाएगा। विशाल रक्तदान शिविर रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बहन व भाई की जिंदगी बचाने के लिए हर संकट के समय आने वाले रक्त के लिए रक्त शिविर की पहल की जा रही है। विरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया की ऐसे रक्तदान आगे भी लगाए जाएंगे।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर 100 घरो मे बाँटा जायेगा तिरंगा

मरुधर विशेष

**गंगानगर।** क्षेत्र के अनूपगढ़ कस्बे मे आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत 9 अगस्त को 100 घरो मे तिरंगा बाँटा जायेगा । यह जानकारी सोशल एक्टिविस्ट किरण विश्नोई ने दी 7 किरण विश्नोई ने बताया की आजादी अमृत महोत्सव अभियान के तहत हर घर तिरंगा फहरे , सामाजिक एकता व अखंडता कायम रहे यही उनका उद्देश्य है । किरण विश्नोई एक सोशल एक्टिविस्ट के साथ साथ मावली के महुडा क्षेत्र मे शिक्षिका है ओर वो ऐसे आयोजन करती रहती है ।

# दलित शोषण मुक्ति मंच ने जानलेवा हमला करने वालों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी को दिया ज्ञापन

### अलवर एसपी ने तुरंत खेडली एसएचओ को एफआईआर दर्ज करने दिए आदेश

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** दलित शोषण मुक्ति मंच के प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा एवं जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को थाना खेड़ली गांव दांतियां के अनुसूचित जाति के तारा खटीक पर जानलेवा हमला एवं जाति उत्पीड़न के मामले में कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग के लिए ज्ञापन दिया। प्रदेश सह संयोजक डॉ रमेश बैरवा ने बताया कि इस मामले पर संज्ञान लेकर पुलिस अधीक्षक ने खेड़ली थानाधिकारी को तुरंत एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। इस अवसर पर पीड़ित तारा खटीक के पिताजी गुड़याराम एवं अन्य परिवारजन एवं डीएसएमएम जिला सहसंयोजक एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव,एडवोकेट बनवारी मिमरोठ,अनिल खींची, निकेश, हरिओम, अतुल,निखिल,कुलदीप, रोबिन ,सागर,प्रहलाद,ऋषभ,प्रदीप,गोपेश,मोनू,विष्णु, भुवनेश,एडवोकेट शब्बीर खान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। इधर ज्ञापन में बताया कि कठूमर तहसील के खेड़ली थाना के गांव दांतिया के अनुसूचित जाति के व्यक्ति तारा खटीक उम्र 24 साल की गांव के दबंगों द्वारा बेरहमी से पिटाई कर जानलेवा हमला किया गया है। लेकिन खेड़ली थाने




की पुलिस कार्यवाही नहीं कर रही है। पीड़ित और उसका परिवार डर के साए में है। उल्लेख है। कि 31 जुलाई को तारा खटीक शाम करीब 5 बजे खेड़ली से अपने गांव दांतिया जा रहा था। तभी किराए को लेकर बंटी जैन,विजय जैन,भारत जैन,भुवनेश से बहस हो गई। गुस्से में आकर इन सब ने मिलकर तारा खटीक के साथ लात घूंसों से मारपीट की। वहां से किसी तरह से तारा अपनी जान बचा कर भागकर अपने गांव आ गया। उसके बाद गांव दातिया आकर तारा घर पहुंचा ही था कि बंटी जैन,विजय जैन,भारत जैन, भुवनेश जैन ने अपने दोस्त सुखबीर सिंह नरूका,राजू सिंह,प्रमोद सिंह,गौतम सिंह,दीपक सिंह,सुरेंद्र सिंह,दिनेश जाट,दिलीप सिंह,नवाबसिंह ने एक राय होकर तारा खटीक को जातिसूचक शब्दों से गाली गलोंच करते हुए तारा खटीक पर लाठी , डंडा,फरसी से जानलेवा हमला किया। तारा खटीक को मरा मानकर भाग गए। सूचना मिलने पर खेड़ली थाने की पुलिस आई। पुलिस ने वीडियोग्राफी की। एंबुलेंस में डालकर पुलिस खेड़ली अस्पताल ले गई तो नाजुक स्थिति मानकर तारा को अलवर रेफर कर दिया। स्थिति खराब होने के कारण अलवर से तारा को जयपुर रैफर कर दिया। तारा खटीक का सवाई मानसिंह अस्पताल (एस एम एस) में इलाज चल रहा है। बताया गया है कि तारा खटीक की हालात सही नहीं है। इनके हाथ पैर में कई जगह फैक्चर हैं। पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ अभी तक भी कोई कार्यवाही नहीं की। तारा के परिवारजन को जान से मारने की धमकी दी गई जिससे तारा खटीक का परिवार गांव से पलायन कर गया है। गांव और घर से विस्थापन के हालात बन गए हैं।

# जिला कांग्रेस कमेटी ने महंगाई, बेरोजगारी,अग्निवीर योजना,ईडी का दुरुपयोग एवं यंग इंडिया ऑफिस को सील करने के विरोध में किया प्रदर्शन

### कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा एवं सामुहिक गिरफ्तारी दी

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** जिला कांग्रेस कमेटी अलवर ने आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी,अग्निवीर योजना, ईडी का दुरुपयोग एवं यंग इंडिया ऑफिस को सील करने के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व मे होप सर्कस से कलेक्ट्रेट तक कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर विरोध प्रदर्शन किया। कलेक्टर को राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा एवं सामुहिक गिरफ्तारी दी।

जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा की भाजपा शासित केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है पेट्रोल,डीज़ल, एलपीजी, दालें खाद्य तेल, प्रीपेड अनाज, आटा ,शहद, दूध, दही, पनीर जैसी जरूरी वस्तुओं पर बढ़ी कीमतों ने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

देश ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर रखा है ।विवादास्पद, खराब कल्पना और जल्दबाजी में तैयार की गई अग्नीपथ योजना से लाखों बेरोजगार युवाओं की आकांक्षा को नष्ट कर दिया है। राजनीतिक द्वेषता के चलते यंग इंडिया का आफिस सील कर दिया गया एवं ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। केंद्र की तानाशाह सरकार तक आम जनता



की आवाज को पहुंचाने के लिए कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता सड़क से संसद तक तैयार है।

विरोध प्रदर्शन में अजीत यादव,राजेंद्र गन्डुरा, रोहिताश चौधरी,बलवीर छिल्लर,रूप नारायण शर्मा, सुरेंद्र माथुर,अशोक शर्मा, रामबहादुर सिंह तंवर,कविता यादव,डॉं जी एस नरूका, बलराम यादव, अजय अग्रवाल, बिजेन्द्र महलावत, गफूर खान, शीला मीणा, सतीश भाटिया, राजेंद्र पाल शर्मा, हरिशंकर रावत, समसुद्दीन, हीरेन्द्र शर्मा , जोगेंद्र कोचर , अजय मेठी, रमन सैनी, मोहनलाल, दीपेन्द्र सैनी, सूरजमल कर्दम, रमेश जुनेजा, फूलचंद शर्मा, अरविंद अवस्थी, जीत कौर सांगवान, रिपु दमन गुप्ता, रामस्नेही शर्मा, साजिद खान, राजेश विरमानी, पंकज शर्मा, सुनील पाटोदिया, दुलीचंद मीणा, के के खंडेलवाल, दशरथ सिंह शेखावत, बीना नरूका, शशि कला, पुष्पा, प्रीतम मेंदीरत्ता, दुर्गा सिंह, राजेशकृष्ण सिद्ध, एस आर यादव , जगदीश सिंघल, इम्तियाज खान, श्याम लाल खत्री,जेडी आर्यन, नितिन धाकड़, मोहित जैन, सिद्धार्थ व्यास, गोपाल जायसवाल, मनीष कोली,विवेक प्रधान, जय खुराडिया, प्रेमेंद्र शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कांति जैन, गौरीशंकर विजय, छंगामल लखेरा, डालचंद भारद्वाज, चरत गोपालिया, वेद प्रकाश सिंघल, बृजेंद्र सेन, कमल सेन, रवि कपूर मुकेश शर्मा, दीपू सैनी, मुन्नू शर्मा हीरालाल सैनी, अशोक नंदा, अब्दुल, सूरज मीणा, प्रेम सिंह मीणा, पूरणमल सैनी, मोहन लाल सैनी, ज्ञान सिंह गुर्जर, मम्मन खान, नंदराम, जाकिर हुसैन, राम प्रकाश शर्मा, भगवान सहाय बैरवा, शौकीन खान, शिब्बू गुर्जर, गोकुल, मौसमी देवी, संजय गुर्जर, रमेश मीणा, बाबूलाल जोगी, नवाब खान, जुबेर, समीन, नसरू खान, वली मोहम्मद, जोरमल, जगदीश सोनी, दयाराम यादव, मनीष भारद्वाज आदि कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल उपस्थित रहे।

# जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में आसमान छूती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध प्रदर्शन

मरुधर विशेष/ हवासिँह चौधरी

**अलवर।** शहर में 5 अगस्त 2022 को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में आसमान छूती महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर प्रात 10~00 बजे होप सर्कस अलवर से विरोध प्रकट किया गया जिसमें अग्निवीर योजना एवं यंग इंडिया ऑफिस सील करने के विरोध में ईडी द्वारा विपक्ष को दबाने की कोशिश करना मर्जी हो जिसको श्वस्त्र का नोटिस थमा देना केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेसका हल्ला बोल प्रदर्शन अलवर में जिसमें ऊंट गाड़ी का प्रयोग किया गया क्योंकि पेट्रोल और डीजल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतें इतनी बढ़ा दी की हर आदमी का जीना दुर्लभ हो गया वह किस तरह अपने घर को चलाएं और किस तरह बच्चों को पढ़ा है यह समझ से परे है हर चीज पर टैक्स लगा दिया गब्बर टैक्स जिसको कहते हैं जीएसटी अगर आप दूध खरीदते हैं तो टैक्स देना होगा और दूध किसी कारण से फट जाए तो भी टैक्स देना होगा फटे दूध का भी क्योंकि आप उसका पनीर बना रहे हो बड़े शर्म की बात है ऐसी कोई चीज नहीं छोटी जिस पर टैक्स नहीं लगा हो इन सभी



बातों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अलवर के अध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी ने होप सर्कस से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च किया जिसमें ऊंट गाड़ी का प्रयोग किया गया इस कार्यक्रम में मौजूद रहे जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा पूर्व प्रधान, जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व पीसीसी सचिव अजीत यादव, मैडम कविता यादव पीसीसी सदस्य, डॉक्टर जी एस नरूका पार्षद नगर पालिका गोविंदगढ़, अलवर जिला महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी अलवर एवं प्रभारी दल जगत, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल महासचिव रिपुदमन गुप्ता, नितिन धाकड़, राहुल मीणा, राजेश विरमानी, सेठू राम मीणा सीटीआई, पूर्व प्रधान मुंडावर रोहिताश चौधरी, मोहित जैन संयुक्त सचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल, एडवोकेट दुलीचंद मीणा जिला अध्यक्ष जिला कांग्रेस सेवा दल अलवर, प्रीतम, मेहंदी दत्ता, श्रीराम मीणा, हरे कृष्ण मीणा, जितेंद्र सिंह नरूका, विजेंद्र सिंह, नरूका गौरव सिंह, नरेश यादव बहरोड़ शहर ब्लॉक अध्यक्ष, अजय अमेठी, जोगेंद्र कोचर ब्लॉक अध्यक्ष, सर हरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी शहर के सभी ब्लॉक अध्यक्ष पार्षद प्रधान सरपंच अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे कलेक्ट्रेट जाकर एडीएम सिटी ओमप्रकाश सारण को ज्ञापन दिया।

# एसडीएम ने समझाईस कर कराया धरना समाप्त

मरुधर हिंद /आमिर खान कामां

कामां-भूखों मरने के कगार पहुंचे कामां कस्बे के एक गरीब परिवार ने उपखंड कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया धरना देने वाले परिवार ने बीपीएल के राशन कार्ड को दोबारा शुरू करा कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की है 7 कामा कस्बा निवासी श्यामवीर पुत्र चंदी सिंह ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2003 में उसका राशन कार्ड बीपीएल श्रेणी में चयनित था उसे राज सरकार द्वारा गरीबों को दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ मिलता था गरीबी के कारण धर्म परिवर्तन कर लिया था और अपना जीवन यापन भी दूसरे धर्म के अनुसार कर रहा था 10 वर्ष बाद दोबारा अपने हिंदू धर्म में लौटने पर उसे अब बीपीएल श्रेणी का लाभ नहीं मिल रहा है पीड़ित ने बताया कि वह बेहद गरीब श्रेणी का व्यक्ति है उसके पास ना तो मकान है ना ही खाने की कोई व्यवस्था है वह मेहनत मजदूरी कर अपने बच्चों का पालन पोषण करता है उसकी पत्नी का भी स्वास्थ्य कमजोर होने के कारण उसकी इलाज के लिए भी पैसे नहीं है तीन छोटे-छोटे बच्चे



हैं जिनकी परवरिश में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है पीड़ित श्यामवीर ने बताया कि पहले भी कई बार उपखंड अधिकारी से मिलकर उनको इस बारे में अवगत करा चुका है मुख्यमंत्री, संभागीय आयुक्त, कलेक्टर को भी पत्र लिख चुका है लेकिन उसका बीपीएल कार्ड अभी तक शुरू नहीं किया गया है मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पीड़ित ने चेतावनी भी दी थी कि अगर उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह अपने परिवार सहित पॉच अगस्त से उपखंड अधिकारी कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर हो जाएगा इतना सब होने के बावजूद भी प्रशासन ने पीड़ित परिवार की समस्या पर गौर नहीं किया और मजबूरन उसे आज धरना देने को मजबूर होना पड़ रहा है7 वहीं दूसरी ओर धरने की सूचना मिलने पर दोपहर को एसडीएम दिनेश शर्मा ने पीड़ित परिवार से समझाईस की और उसके बंद हुए बीपीएल राशन कार्ड को जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया वहीं दूसरी ओर रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा भी पीडित परिवार को मदद के तौर पर एक कट्टा गेहूं की व्यवस्था की गई जिसके बाद पीड़ित परिवार ने अपना धरना समाप्त कर दिया।

## नंगापन नहीं हमारी संस्कृति गुरु द्रोणाचार्य

मरुधर विशेष/हवासिंह चौधरी

**बहरोड।** महाभारत के द्रोणाचार्य एवं फिल्म अभिनेता सुरेंद्र पाल खैरथल में निजी कार्यक्रम में जाते बहरोड़ के ओशो वाटिका में पौधारोपण कार्यक्रम ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ हमारा जीवन दाता है हर व्यक्ति को एक पेड़ लगाकर उसे बच्चे की तरह पालना चाहिए साथ ही कहा कि आजकल फिल्मों में नंगापन और अश्लीलता लोगों को परोसी जा रही है। जिससे बच्चे बड़ी उत्सुकता से ग्रहण कर रहे हैं। जिसको लेकर गुरू द्रोणाचार्य ने कहा कि नंगा पाना हमारी संस्कृति नहीं इसे बचाना हमारा धर्म है। जिसको लेकर हमें इन चीजों को इग्नोर करना चाहिए। इस दौरान वीरेंद्र यादव, प्रशांत शर्मा, निशांत शर्मा, रेणुका यादव सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



## दो गाड़ियों में भरकर आए हथियारबंद बदमाशों ने युवक पर लाठी-डंडों से किया हमला



मरुधर विशेष/रमाकान्त शर्मा

**अलवर** जिले के बानसूर में दो गाड़ी में भरकर आए बदमाशों ने फिल्मी अंदाज में युवक पर गाड़ी चढ़ाई एवं फिर उसके साथ मारपीट कर युवक सहित बचाव करने आए पिता पर हमला कर घायल कर दिया

जानकारी के अनुसार बानसूर के गांव बासना बस स्टैंड पर दो गाड़ी में भरकर आए हथियारबंद बदमाशों ने गाड़ी से संदीप जाट को टक्कर मारकर जमीन पर गिरा दिया तथा उसके बाद लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।वहीं मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया । ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक बदमाशों ने युवक को बुरी तरह से घायल कर दिया ।वहीं पीड़ित युवक का पिता बीच-बचाव करने आया तो बदमाशों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया पिता-पुत्र को बानसूर सीएचसी अस्पताल लाया गया जहां घायलों का इलाज कराया गया वही सूचना पर मय पुलिस जाब्ते के साथ बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि अभी तक झगड़े का कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस द्वारा इसकी जांच की जा रही है । हमले में शामिल तीन बदमाशों की पहचान हो गई है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। हालत गंभीर होने के कारण पीड़ित व्यक्ति सीएचसी बानसूर से कोटपूतली के लिए रेफर कर दिया गया।

## भरतपुर सांसद रंजीता कोली को विभिन्न मांगों को लेकर कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

मरूधर विशेष

**कठूमर। दिनेश लेखी।** सांसद प्रतिनिधि विधानसभा क्षेत्र कठूमर राजकुमार पंडा के नेतृत्व में भरतपुर सांसद रंजीता कोली को खेड़ली कस्बे में हिंडौन रोड ओवर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। सांसद प्रतिनिधि राजकुमार पंडा ने ज्ञापन में बताया कि खेड़ली कस्बे में हिंडौन रोड पर रेलवे फाटक पर रेलों के आवागमन से फाटक बंद रहता है । जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए ओवर ब्रिज बनाने की मांग की और अहमदाबाद आगरा मेल ट्रेन को रुकवाने , साइकिल स्टैंड की मांग ,कोच डिस्पले, समूची फाटक से हिंडोन फाटक तक रेलवे लाईन के बगल में सड़क बनवाने की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन दिया। सांसद रंजीता कोली ने जल्दी ही इन सब मांगो को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि सुनील बजाज, जिला कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल सैनी,जिला मंत्री किसान मोर्चा सतीश पाराशर, मनीष शर्मा, सांसद के निजी सचिव संतोष कोली कपिल अग्रवाल, गोविंद साहू पार्षद,आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता -2022 में आरसीआई बानसूर ने लहराया परचम


मरुधर विशेष/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** -पिंक सिटी जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2022 में आर सी आई स्कूल बानसूर के खिलाड़ियों ने बानसूर तथा अलवर जिले का नाम रोशन किया। 30 जुलाई से 1 अगस्त तक जयपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के अनेकों स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बानसूर की ओर से आरसीआई स्कूल के विद्यार्थियों ने खो-खो, कुश्ती, दौड़ प्रतियोगिता तथा कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया। खो खो की टीम में रवि गुर्जर, अंतिम यादव, नितिन लांबा, साहिल कुमार, पुनीत कुमार, बिजेंदर, रोहित तथा आर्यन यादव ने फाइनल मैच जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त करके बानसूर क्षेत्र को गोल्ड मेडल दिलवाया। इसके साथ ही कुश्ती प्रतियोगिता में अमित गुर्जर ने गोल्ड मेडल, चिंटू पोसवाल ने गोल्ड मेडल तथा युवान सिंह ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में रोहित सिंह शेखावत , अजय कुमार तथा नमन कुमार स्वामी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में जतिन कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में आशीष शर्मा ने स्टार शिल्ड तथा गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 1500 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हिमांशु तथा दिनेश कुमार ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कबड्डी में भाग लेने वाले हिमांशु, योगेश, रवि कुमार, योगेश गुर्जर, रविंद्र कुमार, प्रिंस कुमार, मोहित, यशवंत ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इन सभी विजेता खिलाड़ी विद्यार्थियों का आज आरसीआई स्कूल प्रांगण में निदेशक डॉ विजय कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को मेडल तथा आरसीआई का प्रतीक चिन्ह पहनाया गया तथा सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इसके साथ ही पीटीआई देव शर्मा को भी सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अंग्रेजी माध्यम के प्रधानाचार्य योगेश कुमार शर्मा, हिंदी माध्यम के प्रधानाचार्य लक्ष्मण प्रसाद सैनी, सह निदेशक भूप सिंह यादव समस्त स्टाफ तथा गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## दखल

# किरणों का दुपहरी में अस्त हो जाना



बाल विवाह, समाज की जड़ों तक फैली बुराई, लैंगिक असमानता और भेदभाव का ज्वलंत उदहारण है। यह आर्थिक और सामाजिक ताकतों की परस्पर क्रिया-प्रतिक्रिया का परिणाम है। जिन समुदायों में बाल विवाह की प्रथा प्रचलित है वहां छोटी उम्र में लड़की की शादी करना उन समुदायों की सामाजिक प्रथा और दृष्टिकोण का हिस्सा है तथा यह लड़कियों के मानवीय अधिकारों की निम्न दशा दर्शाता है।

**बाल**-विवाह यानि छोटी उम्र में बच्चों की शादी। बड़ों की रजामंदी और संरक्षण में होने वाला ऐसा अपराध, जो समारोहपूर्वक होता है, जिसमें भागीदार होते हैं बच्चों के माता-पिता, अभिभावक, रिश्तेदार, पड़ोसी, रस्मों को निभाने वाले कर्ता-धर्ता और वे सभी जो खुद ज्ञाता व विद्वान होने का दावा करते हैं। यह ऐसी कुरीति है जो समाज के माथे पर आज भी कलंक बनी हुई है। कच्ची उम्र में बच्चों को बड़ा होने का अहसास कराना आज भी बदस्तूर जारी है। आखिर बाल-विवाह होते क्यों हैं, इस बात पर भी गौर किया जाना जरूरी है। चूंकि बच्चे शत-प्रतिशत सच्चे होते हैं, उनका मन भोला होता है। नये कपड़े, मिठाई, उपहार, बैंड-बाजा का लालच उन्हें विवाह के मण्डप में बैठा देता है। अनेक ऐसे क्षेत्र या स्थान भी हैं जहां परम्परा, रीति-रिवाजों के नाम पर बच्चों को कम उम्र में ही ब्याह दिया जाता है। फिर क्या, इस प्रक्रिया का सीधा असर बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर पड़ता है। तेजी से बढ़ता लिंगानुपात, बच्चों में कुपोषण, महिलाओं में खून की कमी, मातृ-शिशु मृत्यु दर आदि ऐसे कारण हैं, जिनका सीधा संबंध बाल विवाहों से है। बच्चों को उम्र से पहले ही उन बंधनों और जिम्मेदारियों से लाद दिया जाता है, जिसके लिए वे शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार ही नहीं होते।

बाल-विवाह बच्चों को उनके बचपन से भी वंचित कर देता है। समाज ने 18 साल से कम आयु की बालिका की शादी नहीं करने की कानूनी जानकारी तो प्राप्त कर ली, लेकिन उसने यह भी सीख लिया कि होने वाले बाल-विवाह को सरकार की नजर से कैसे छुपाया जाए। ऐसे में अहम जिम्मेदारी उनकी होती है, जिनकी जानकारी में बाल-विवाह होना अथवा उसके होने की संभावना होती है। वैदिक काल तक विवाह से पूर्व वर व वधु के शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता था। इस काल में विवाह पूर्ण प्रौढ़ावस्था में होता था। स्त्रियों को वैदिक काल तक ही पुरुषों की तरह के सारे अधिकार थे। वैदिक काल के बाद विवाह प्रथा अल्प वय विवाह में बदलती चली गई। स्मृति चन्द्रिका, संस्कार कांड कहता है कि यदि योग्य पति प्राप्त नहीं होता है तो कन्या का विवाह तरुण आयु प्राप्त होने से पहले ही अयोग्य वर से कर देना चाहिए।

'प्राचीन भारत में स्त्रियों की दशा' नामक पुस्तक में अल्तेकर लिखते हैं कि कन्याओं को हमलावरों से बचाने के लिए भी विवाह एक प्रतिरक्षात्मक उपाय था। वर्ण और जाति के कारण भी बाल-विवाह को प्रोत्साहन मिला। कम उम्र में कन्याओं का विवाह कर लोग उसके भविष्य की चिंता से बचने की कोशिश करते थे। कम उम्र में शादी होने से न सिर्फ सुरक्षा के अधिकार का उल्लंघन होता है वरन् अच्छे स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा पाने के अधिकार का भी हनन होता है। इसके अलावा बाल-विवाह के कारण बालिकाएं कम उम्र में असुरक्षित यौन चक्र में सम्मिलित हो जाती हैं। अपरिपक्व शरीर में बालिका द्वारा गर्भ धारण करने से भ्रूण पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो पाता। गर्भपात, कम वजन के बच्चे का जन्म, बच्चों और माता में कुपोषण, खून की कमी, मातृ मृत्यु, प्रजनन मार्ग संक्रमण/यौन संचरित बीमारियां एचआईवी संक्रमण की संभावना में वृद्धि होना आदि भी बाल-विवाह के दुष्परिणाम हैं। अध्ययनों से सिद्ध हो चुका है कि 15 वर्ष की उम्र में मां बनने से मातृ मृत्यु की संभावना 20 वर्ष की उम्र में मां बनने से पांच गुना अधिक होती है।

बाल-विवाह को रोकने के लिए 1929 में बाल-विवाह अंकुश अधिनियम बनाया गया। इसे शारदा एक्ट भी कहा जाता है। इस एक्ट में कई खामियां थीं। इन कमियों को दूर करने के लिए बाल-विवाह प्रतिषेध अधिनियम, (पीसीएमए) 2006 को एक जनवरी 2007 से अधिसूचित किया गया। इसका उद्देश्य बाल-विवाह प्रथा की प्रभावी रोकथाम के लिए पहले कानून की विफलता को दूर करना व बाल-विवाह की रोकथाम के लिए एक समग्र व्यवस्था विकसित करना है। यह कानून 1 नवम्बर, 2007 से लागू किया गया है। हालाकि स्वीकृत अंतर्राष्ट्रीय संधियों और राष्ट्रीय कानूनों में इस बात का उल्लेख किया गया है कि बच्चों को सुरक्षा प्रदान करना और उनके बुनियादी मानवाधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। कई अंतर्राष्ट्रीय संधियों पर भी हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें उन्हें शोषण से बचाने व उन्हें सम्मानजनक अधिकार दिलाने हेतु प्रावधान है।

एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में बाल-विवाह की रोकथाम की जिम्मेदारी सभी लोगों की है। हर जिले के कलेक्टर को बाल-विवाह की रोकथाम के लिए जिम्मेदारी दी गई है। प्रशासन स्तर पर इस कोशिश में हर व्यक्ति को मददगार बनना चाहिए। यदि कहीं भी बाल-विवाह होते दिखाई दे तो इसकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचाकर बच्चों का भविष्य बर्बाद होने से रोकना हर नागरिक का कर्तव्य है। बाल-विवाह रोकने के लिए समुदाय में निचले स्तर पर प्रेरक के रूप में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा कार्यकर्ता एवं स्कूल के शिक्षक उपयोगी माध्यम हो सकते हैं। मध्यप्रदेश में पंचायतों के पास अपार शक्तियां हैं। एक जागरूक पंचायत अपने गांव में कोई भी बाल-विवाह नहीं होने देने के लिए ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर सकती है। गांव का मुखिया या सरपंच इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मीडिया बाल-विवाह की रोकथाम में कारगर भूमिका निभा सकता है। एक ओर वह लोगों में बाल विवाह के खिलाफ इसके दुष्परिणामों को लेकर संदेश पहुंचा सकता है, वहीं दूसरी ओर लोगों को शिक्षित और जागरूक भी कर सकता है।

बालक-बालिका स्वयं भी मीडिया के माध्यम से बाल-विवाह के खिलाफ आवाज बुलंद कर सकते हैं। मध्यप्रदेश सरकार हर साल अक्षय तृतीया अथवा आखा तीज को बाल विवाह की रोकथाम करती है। बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह रोकथाम अभियान भी चलाया जाता है। समस्त जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर कड़े कदम उठाने के निर्देश दिये जाते हैं। उनसे कहा जाता है कि वे अपने जिले में ऐसे प्रयास करें कि किसी भी परिस्थिति में कोई भी बाल विवाह न हो। इसके लिये समाज के ऐसे प्रभावशाली व्यक्तियों/समूहों का सहयोग लें, जो वैवाहिक कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सही उम्र में विवाह का महत्व, कम उम्र में विवाह के दुष्परिणाम आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए बेहतर प्रचार-प्रसार करने और स्थानीय मीडिया का भी सहयोग लेने को कहा गया है। बालिकाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल विवाह न करने की समझाइश देने को कहा गया है। कलेक्टरों से कहा जाता है कि वे जिले के किसी भी शासकीय कॉल-सेंटर को बाल विवाह की सूचना देने के लिए स्थायी रूप से अधिकृत कर सकते हैं।

कॉल-सेंटर के फोन नम्बर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति संभावित बाल विवाह की सूचना कभी भी उस फोन नंबर पर दे सके। यह व्यवस्था न केवल अक्षय तृतीया बल्कि वर्ष भर के लिए हो। भारत में बाल विवाह में आई कमी की वजह से दुनियाभर में इस प्रथा के चलन में भी गिरावट आई है। यह कमी कई कारणों से हो सकती हैं जैसे अधिकमाताओं का साक्षर होना, लड़कियों को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलना, सरकार के सख्त कानून और गांव के लोगों का शहरों की तरफ पलायन।

**प्रलय श्रीवास्तव**

(लेखक जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारी हैं)

## राज-विचार

# बिजली संकट ने बढ़ाई दिक्कत

जैसे ही गर्मी का मौसम शुरू होता है, देश में बिजली की मांग बढ़ने लगती है और बिजलीघर कोयले की कमी का रोना रोने लगते हैं। पर हैरानी की बात यह है कि इसका स्थायी समाधान निकालने की दिशा में कुछ होता दिखा नहीं है। समस्या खत्म, बात खत्म।



हर साल की तरह इस बार भी बिजली का संकट गहराने लगा है। कई राज्य बिजली की भारी कमी से जूझ रहे हैं। रोजाना आठ-दस घंटे की बिजली कटौती हो रही है। सिर्फ घरों को ही नहीं, उद्योगों तक को भी बिजली नहीं मिल रही। बिजली के बिना किसान भी खेतों में काम नहीं कर पा रहे हैं। कोयले की भारी कमी की बात कह कर बिजलीघरों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। भीषण गर्मी के चलते देशभर में बिजली की मांग बढ़ती जा रही है। ऐसे में देश के एक चौथाई पावर प्लांट बंद हैं। नतीजा, 16 राज्यों में 10 घंटे तक के बिजली कटौती शुरू हो गई है।

## कविता

मैं ज़्यादा तो नही कुछ पल साथ रहना चाहता हूँ
जिस राह पर चले थे तुम उस राह पर मै चलना चाहता हूँ

तुम्हारे साथ रह कर मैं, तुम्हारे पास रह कर मैं
तुम्हारे सिर में दर्द है मैं तुम्हारा सिर दबाना चाहता हूँ

अगर खुदकुशी कर लिए तो दुनिया कुछ नही कहेगी
यह भी सच है की मैं ज़हर खाना चाहता हूँ




उजाड़ा है जिन्होंने घर मेरा किसी जमाने में
जिन्होने घर उजाड़ा उन्ही का घर बसाना चाहता हूँ

जख्म पर जख्म मुझको दीं है दुनिया
यह भी सच है उन्हें मरहम लगाना चाहता हूँ

मेरे नज़रों में तेरे वक्त की कीमत है बुहत
तुम्हारे वक्त को मैं नही गवाना चाहता हूँ

आप हम से जब दुर रह कर खुश हो सुनो
आपकी परेशानी को जड़ से मिटाना चाहता हूँ

यहां पर सात फेरो और वादों का कुछ पता ही नही
तुम्हारे गाँव का बस एक और चक्कर लगाना चाहता हूँ

जो मेरा सिर काट कर खुश हो काट लो अब
उसी के सामने मै अपना सिर झुकाना चाहता हूँ

**आंनद विशेष शर्मा**
**नई दिल्ली**

# पशु चिकित्सकों की संख्या कम

**किसी** क्षेत्र के अन्य डॉक्टरों की तरह पशु चिकित्सक भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जानवर, चाहे पालतू जानवर हों या आवारा, प्यार और देखभाल की जरूरत होती है। यहीं से पशु चिकित्सक बचाव के लिए आते हैं। हर साल अप्रैल के आखिरी शनिवार को, दुनिया भर के लोग पशु चिकित्सकों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ आते हैं। विश्व संगठन इस दिन को पशु स्वास्थ्य और विश्व पशु चिकित्सा संघ के लिए बनाता है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस हर साल अप्रैल के आखिरी शनिवार को मनाया जाता है। इस वर्ष, विश्व पशु चिकित्सा दिवस 30 अप्रैल, 2022 को होगा। पशु स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ने के साथ, लोग धीरे-धीरे पशु चिकित्सकों के महत्व और उनके प्रभाव के बारे में सीख रहे हैं, जिससे हमारी दुनिया एक बेहतर जगह बन रही है। दुनिया भर में सभी पशु चिकित्सकों को मनाने के लिए हम विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाते हैं।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस 2022 की घोषणा के अनुसार, पशु चिकित्सकों को व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखने के लिए उपकरणों और समर्थन की आवश्यकता होती है। विश्वपशु चिकित्सा संघ ने 2000 में पशु चिकित्सा पेशे के वार्षिक उत्सव के रूप में विश्व पशु चिकित्सा दिवस बनाया, जो अप्रैल के अंतिम शनिवार को था। 2019 के बाद से विश्व पशु चिकित्सा संघने वर्ल्ड वेटरनरी डे अवार्ड पर हेल्थ फॉर एनिमल्स, ग्लोबल एनिमल हीथ इंडस्ट्री एसोसिएशन के साथ भागीदारी की है, जो थीम से संबंधित विश्व पशु चिकित्सा संघ सदस्य की गतिविधियों का सम्मान करता है। 2022 विश्व पशु चिकित्सा दिवस पशु चिकित्सकों, पशु चिकित्सा संघों और अन्य लोगों के प्रयासों का जश्न मनाएगा ताकि पशु चिकित्सा लचीलापन को मजबूत किया जा सके और इस महत्वपूर्ण कारण पर ध्यान दिया जा सके।

पशु चिकित्सक जानते हैं कि यह बोझ शारीरिक और मानसिक रूप से भारी पड़ सकता है। खासकर महामारी के दौरानतनाव, बर्नआउट और अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हाल के वर्षों में बढ़ी हैं। पशु चिकित्सकों को, अपने रोगियों की तरह, अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखने के लिए उचित उपकरण और सहायता की महती आवश्यकता होती है। स्वस्थ जानवरों को स्वस्थ पशु चिकित्सकों की आवश्यकता होती है। पशु चिकित्सक दैनिक चुनौतियों और संकटों को संभालने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होना जरूरी हैं। बात 1863 की है जब प्रो. जे गमगी ने



पशु चिकित्सकों को, अपने रोगियों की तरह, अपने स्वास्थ्य और कल्याण को बनाए रखने उचित उपकरण और सहायता की आवश्यकता होती है। स्वस्थ जानवरों को स्वस्थ पशु चिकित्सकों की आवश्यकता होती है। पशु चिकित्सकों को दैनिक चुनौतियों को संभालने बेहतर ढंग से सुसज्जित होना जरूरी है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस अनुसंधान को बेहतर बनाने के लिए भी तत्पर है।

पूरे यूरोप के प्रसिद्ध पशु चिकित्सकों को पशु स्वास्थ्य, विशेष रूप से एपिजूटिक रोगों और उनकी रोकथाम पर पहले सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। यह बैठक पहली अंतर्राष्ट्रीय पशु चिकित्सा कांग्रेस थी। 1959 में, स्पेन में 15वीं अंतर्राष्ट्रीय पशु चिकित्सा कांग्रेस की बैठक में, विश्व पशु चिकित्सा संघ की स्थापना की गई थी। एसोसिएशन का प्रमुख उद्देश्य पशु चिकित्सा विज्ञान के महत्व को सामने लाना और पशु स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें जानवरों की सुरक्षा, संगरोध के नियम आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय पशु चिकित्सा संघों का प्रतिनिधित्व करने वाले 72 देशों के सदस्य हैं। पशु स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा विज्ञान की वकालत करने के अलावा, विश्व पशु चिकित्सा संघ ने 2001 में हर साल अप्रैल के अंतिम शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस के रूप में घोषित किया। 2001 में, विश्व पशु चिकित्सा संघ की थीम रेबीज थी। इसलिए, पशु चिकित्सकों ने पालतू जानवरों के मालिकों और गैर सरकारी संगठनों को रेबीज के बारे में शिक्षित किया, साथ ही, जानवरों और मनुष्यों दोनों के लिए एक स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के लिए जानवरों के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान, जिसमें पालतू जानवरों और सड़क पर रहने वाले जानवरों को शामिल करना शामिल है। 2020 में, थीम ने जानवरों के मानसिक स्वास्थ्य को लक्षित किया। पशु चिकित्सकों ने जानवरों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई और कैसे लॉकडाउन अनुक्रमों ने पालतू जानवरों और सड़क जानवरों दोनों को प्रभावित किया।

इस वर्ष लोगों ने पशु चिकित्सा विज्ञान की कई अन्य शाखाओं जैसे पशु मनश्चिकित्सा और आंतरिक चिकित्सा आदि के बारे में जाना। एसोसिएशन विभिन्न गैर सरकारी संगठनों और अधिकारियों के बारे में जागरूकता लाता है जो पशु कल्याण के लिए अथक प्रयास करते हैं। यह दान और सक्रिय भागीदारी के लिए चैरिटी चलाने में मदद करता है। विश्व पशु चिकित्सा संघ और ग्लोबल एनिमल मेडिसिन एसोसिएशन वार्षिक पुरस्कार भी वितरण करता है। केवल वे लोग जिनका कार्य/योगदान विश्व पशु चिकित्सा संघ की थीम के अनुरूप होना निर्धारित है, इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं। उदाहरण के लिए, 2020 में, केरल के भारतीय पशु चिकित्सा संघ ने 2500 अमेरिकी डालर के साथ सर्वश्रेष्ठ पशु चिकित्सा संघ का खिताब हासिल किया। यह कोविड-19 महामारी के बीच भोजन और दवाएं उपलब्ध कराते हुए जानवरों, विशेष रूप से सड़क पर रहने वाले जानवरों के कल्याण के लिए उनके उत्कृष्ट कार्य के कारण था।

डब्ल्यूवीए ने बड़ी विपत्ति में जानवरों के साथ प्यार, देखभाल, स्नेह और सही उपचार के साथ एक निशान बनाया। इस दिन, डब्ल्यूवीए एक सम्मेलन आयोजित करता है जहां वे डब्ल्यूवीए सदस्यों को पशु कल्याण और नई पशु चिकित्सा विज्ञान प्रौद्योगिकियों से संबंधित विषयों पर चर्चा करने के लिए आमंत्रित करते हैं, जबकि जानवरों के लिए गुणवत्ता स्वास्थ्य देखभाल के बार को बढ़ाते हैं। वे मानव-पशु सह-अस्तित्व को सुनिश्चित करते हुए भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारे पर्यावरण की रक्षा के बारे में नए ज्ञान का पता लगाने और साझा करने के लिए सेमिनार आयोजित करते हैं। किसी भी क्षेत्र के अन्य डॉक्टरों की तरह पशु चिकित्सक भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। जानवर, चाहे पालतू जानवर हों या आवारा, प्यार और देखभाल की जरूरत होती है और यहीं से चिकित्सक बचाव के लिए आते हैं।

कुल मिलाकर, पशु चिकित्सा का संबंध घरेलू और जंगली जानवरों के स्वास्थ्य को खराब करने वाली बीमारियों की रोकथाम, नियंत्रण, निदान व उपचार से है। पशु चिकित्सक विभिन्न विभागों में काम करते हैं। जंगलों, राष्ट्रीय उद्यानों, चिड़ियाघरों, अभयारण्यों में जंगली जानवरों की देखभाल से लेकर पशु चिकित्सालय, गैर सरकारी संगठन, पशु चिकित्सक जानवरों के भरण-पोषण की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कुछ चिकित्सक गैर-सरकारी संगठनों के साथ काम करते हैं ताकि जानवरों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने मुफ्त पशु टीकाकरण सहित सड़क पर रहने वाले जानवरों की नसबंदी की जा सके। गुणवत्ता वाले पशु चिकित्सकों का महत्व बहुत बढ़ गया है। लेकिन आवश्यकता की तुलना में पशु चिकित्सकों की संख्या अभी भी कम है।

**सत्यवान सौरभ**

(वेटरनरी इंस्पेक्टर, पशु पालन विभाग, हरियाणा सरकार)

## ट्विटर



देशभर के थर्मल प्लांट्स के पास 2.20 करोड़ टन कोयला है, जो 10 दिन के लिए काफी है। ऐसे में उन्हें पूरी क्षमता के साथ उत्पादन करना चाहिए।

**प्रह्लाद जोशी, केंद्रीय कोयला मंत्री**




पिछली चन्नी सरकार इस सीजन के लिए प्रबंध करके नहीं गई। पिछले साल के मुकाबले बिजली की मांग 40 फीसदी बढ़ी है। ऐसे में 24 घंटे बिजली की कोशिश की जा रही है।

**हरभजन सिंह, ऊर्जा मंत्री पंजाब**

## सत्यार्थ

# श्रीराम का संदेश



रामायण में वनवास के समय श्रीराम ने अलग-अलग ऋषियों से अलग-अलग प्रश्न पूछे थे। भरद्वाज मुनि से रास्ता पूछा था, वाल्मीकि जी से रहने के स्थान के बारे में पूछा था। श्रीराम ने विचार किया था कि वे भारद्वाज मुनि से पूछेंगे कि राक्षसों का संहार कैसे किया जाए? क्योंकि उस समय दक्षिण दिशा से सभी ऋषि रावण के आतंक से डर कर भाग चुके थे। उस दिशा में सिर्फ अगस्त्य मुनि ही रह रहे थे। सीता हरण के बाद श्रीराम अगस्त्य मुनि के आश्रम पहुंच चुके थे। श्रीराम को देखकर अगस्त्य ने उनका स्वागत किया। श्रीराम ने अगस्त्य मुनि से पूछा, किस तरह रावण और उसके राक्षसों का विनाश किया जा सकता है? अगस्त्य मुनि ने मुस्कान के साथ कहा, राम, आप सर्वज्ञ हैं, समर्थ हैं, लेकिन फिर भी आप मुझसे मार्गदर्शन ले रहे हैं। ये आपका बड़प्पन है, लेकिन एक बाद ध्यान रखें कि रावण जैसी ताकत से लड़ने के लिए सैन्य बल तो चाहिए, लेकिन आत्मबल की भी आवश्यकता है। आपके अंदर और लक्ष्मण के अंदर आत्मबल बहुत है, लेकिन थोड़ा बहुत सैन्य बल भी चाहिए। ये वानर सेना, ये रीछ कब तक आपका साथ दे पाएंगे। अगस्त्य मुनि की बातें सुनकर लक्ष्मण ने कहा, श्रीराम के साथ मैं अकेला ही काफी हूं। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा, लक्ष्मण धैर्य के साथ सुनो, ये क्या कह रहे हैं। अगस्त्य मुनि ने आगे कहा, जिस जन समूह वानर और रीछ के भरोसे आप ये युद्ध करने जा रहे हैं, ध्यान रखना कि जन समाज का मन होता है कि कोई उसका नेतृत्व करे और उसकी सारी जिन्मेदारियां उठा ले। अगर प्रहार आप पर हुआ तो हो सकता है कि ये जन समुदाय आपके साथ खड़ा न रहे। आम जनता का मन ही ऐसा होता है, वह अंतिम समय पर भाग जाती है। बस मैं यही इशारा आपको देना चाहता हूं कि सबसे अधिक बोझ तुम्हारे कंधों पर ही आएगा। श्रीराम ने कहा, मैं आपकी बातें अच्छी तरह समझ गया हूं।

**मुकेश कुमार**

# प्रशासन कर रहा है हादसे का इंतजार

मरूधर विशेष /अराई/प्रकाश भागनानी

अराई ब्लॉक की ढसूक ग्राम पंचायत के माण्डयावड कला गाँव में स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह से जर्जर हालत में है तथा परिसर में पानी भरा रहता है परन्तु सुरक्षित और नये भवन के अभाव में नन्हे बच्चों की जान जोखिम में डालकर बच्चों को उस जर्जर भवन में पढाया जा रहा है। उक्त मामले में विधालय के प्रधानाध्यापक नन्दकिशोर शर्मा से बात की तो शर्मा ने बताया कि भवन पिछले चार पांच सालों से जर्जर हालत में है और इस मामले में उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा गत वर्ष मार्च के महिने में विभाग ने जर्जर भवन को ढहाने के निर्देश भी जारी कर दिए गए परन्तु अभी तक नये भवन की स्वीकृति नहीं मिली इसलिए पुराने भवन में ही विधालय संचालित किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक नन्दकिशोर शर्मा ने बताया कि जब बरसात अधिक होती है तो या तो बच्चों की छुट्टी कर दी जाती है और या फिर उनको परिसर में स्थित पानी के होद पर या पेड़ के नीचे बैठा कर क्लास ली जाती है ऐसे में कैसे हो रही है बच्चों की पढ़ाई और कैसे सुरक्षित होगा बच्चों के जीवन का भविष्य। शिक्षा विभाग की इस लापरवाही के चलते गाँव के बच्चों पर हादसे का साया मंडरा रहा है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व विभाग के अधिकारियों से शीघ्र भवन निर्माण की मांग की है।

## अमरनाथ की सकुशल यात्रा कर वापस बांसवाड़ा पहुंचने पर रोडवेज बस स्टैंड पर 40 यात्रियों का स्वागत किया गया



अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा की मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा अमरनाथ की सकुशल यात्रा कर वापस बांसवाड़ा पहुंचने पर रोडवेज बस स्टैंड पर 40 यात्रियों का स्वागत किया गया यात्रियों में रामप्रकाश जी महाराज रामद्वारा बांसवाड़ा नरेंद्र जी कोशिक, मातृशक्ति जिला सत्संग प्रमुख मिथिलेश जी कौशिक ,राजेश्वरी जी चौधरी ,कमलेश जी शक्तावत, शीतल जी भंडारी, मंजू जी शुक्ला ,अंजना जी उपाध्याय, कुसुम जी जोशी ,अनिल जी गहलोत, महेंद्र जी, अंकिता जी, जगदीश जी ,अलका जी, रेनू जी, भारती जी शर्मा आदि यात्रियों का स्वागत किया गया।विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा के जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख तरुण कुमार अडीचवाल ने बताया कि स्वागत कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी कि जिला संयोजका साक्षी दक , जिला बालसंस्कार साधना देवड़ा, मीनाक्षी भट्ट , सुनीता कौशिक, सोनिया राठौर ,वंदना मेहता, मोना शाह, अर्चना कौशिक, विवेक कौशिक, तरुण जी आदि ने सभी यात्रियों का स्वागत किया। ये जानकारी तरुण कुमार अडीचवाल जिला प्रचार व प्रसार प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा ने दी।

## आगामी छात्र संघ चुनाव को लेकर खड़िया एक्टिव बैठकों का दौर शुरू

अरुण जोशी कुशलगढ़ की रिपोर्ट

**कुशलगढ़।** अनुसूचित जाति और जनजाति छात्र संगठन और एनएसयूआई गठबंधन की संयुक्त बैठक जिला शाखा विधानसभा कुशलगढ़ की बैठक राजकीय महाविद्यालय सज्जनगढ़ में युवा नेता रोहित खड़िया के मुख्य आतिथ्य एवं कुशलगढ़ विधानसभा मुख्य प्रभारी महेश कटारा की अध्यक्षता में एवं विधानसभा प्रभारी प्रेमसिंह खड़िया के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुई एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को छोड़कर एसटी एससी छात्र संगठन में शामिल होने वाले दिलीप मईडा का एसटीएससी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए



सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र संगठन संबोधित करते हुए कहा कि इस एसटी एससी छात्र संगठन काफी लंबे समय से कुशलगढ़ पीजी महाविद्यालय में जीत दर्ज कर लगातार चल रहा हैं अब सज्जनगढ़ महाविद्यालय की बारी है तथा समाज को मजबूत करने का आवाज दिया गया इस मौके पर इस मौके पर उपस्थित एसटी एससी के समस्त पदाधिकारी पूर्व छात्रसंघ मुख्य प्रभारी महेश कटारा युवा नेता खड़िया जनसभा प्रभारी अध्यक्ष रमण लाल मईडा पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गुड्डा दामा,अनिल कटारा, पप्पू कटारा ,अंकित कलाल, प्रेमसिंह मईडा, विधानसभा अध्यक्ष सोहन देवदा, तहसील अध्यक्ष प्रकाश दामा ब्लॉक अध्यक्ष मंगलेश पटेल, पूर्व तहसील अध्यक्ष कमल कटारा,भावेश कटारा,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश गरसिया,संजय कटारा,युवा नेता सुशील खड़िया, राजेश कटारा,पप्पू लाल डामोर,करण खड़िया,सुमित चरपोटा,पर्वत सिंह कटाराआदि वक्ताओं ने संबोधित किया। सभी ने मिलकर आगामी छात्र संघ चुनाव को जिताने का संकल्प लिया। इस मौके पर कॉलेज के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे जिसमें एसटीसी छात्र संगठन का संचालन पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू लाल कटारा ने किया ।

## खेडली आनन-फानन में अधिकारियों ने लगाई एईएन ऑफिस में बाबा साहब की तस्वीर

मरुधर विशेष की खबर का असर

मरूधर विशेष



**कठूमर।दिनेश लेखी।** कस्बा खेड़ली स्थित सहायक अभियंता विद्युत वितरण निगम लिमिटेड खेड़ली कार्यालय में लगी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पिछले दिनों हटवाई गई जो आनन-फानन में शनिवार सुबह मरुधर विशेष की खबर के असर के अनुसार लगा दी गई । समाजसेवी लक्ष्मीकांत भारतीय ने बताया कि 16 सितंबर 2020 को खेरली स्थित बिजलीघर पर सहायक अभियंता कार्यालय में बाबासाहब डॉ अम्बेडकर और भगतसिंह की तस्वीर भेट कर उसी समय ऑफिस में दोनों तस्वीर लगवाई थी। लेकिन पिछले दिनों में जब एईएन का तबादला हो गया। इसके बाद खेड़ली एईएन का चार्ज जिस जिस अधिकारी पर रहा हो उसी के समय यह तस्वीर हटाई गई। मीडिया में जब यह खबर आई तो मरूधर विशेष में छापी गई।इसका प्रशासन में असर हुआ तो बाबा साहब की तस्वीर एईएन ऑफिस में सुबह ही लगवा दी गई। लेकिन समाज के युवाओं ने मांग की है कि उक्त अधिकारी के खिलाफ जिसने भी तस्वीर हटवाई थी उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए इसी मांग को लेकर आगामी दिनों में ज्ञापन दिया जाएगा।

'देश में बस नाम का है लोकतंत्र', अशोक गहलोत बोले-

# भाजपा जब विपक्ष में थी तो कई रैलियां हुईं, तब नहीं लगी कोई रोक

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।**



कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी, जीएसटी जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया है। इसी बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने कहा कि देश में भय का माहौल है और लोग डर के कारण बोल नहीं पा रहे हैं। इस देश में लोकतंत्र बस नाम का है।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और जीएसटी का जो बहाना इन लोगों ने कर रखा है, लोग इससे बहुत दुखी हैं। लोग डर के कारण बोल नहीं पा रहे हैं, इतना भय पैदा हो गया है। सरकार समझ नहीं पा रही है। इस देश में लोकतंत्र बस नाम का है। उन्होंने कहा कि असहमत व्यक्त करने वालों को आप जेल भेज रहे हो। इस पर ना मीडिया बोल रही है और ना जनता बोल पा रही है। अगर ये बात समझ नहीं आएगी तो लोग सड़कों पर उतरेंगे और सरकार को दिक्कत आएगी।

उन्होंने कहा कि आज दिल्ली में जो रोक लगी है, मैंने ऐसा कभी नहीं देखा। जब विपक्ष में भाजपा या अन्य पार्टियां थी तब भी कई रैलियां हुई हैं, कोई रोक नहीं लगी। अगर शांतिपूर्ण तरीके से कोई रैली निकलती है और लोग जुड़ते हैं तो इससे सरकार की आंखे खुलती हैं मगर ये सरकार इससे भी चूकना चाहती है। इससे पहले अशोक गहलोत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि किसी ने कभी कल्पना नहीं की थी कि देश में ऐसा वक्त भी आएगा कि तिरंगों के लिए लोगों को समाप्त होते देखा जाएगा। कोई कल्पना नहीं कर सकता जिस रूप में संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं। महंगाई, बेरोज़गारी, जीएसटी पर कोई सुनवाई करने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि संसद चल रही है और मल्लिकार्जुन खड़गे को जांच के लिए बुलाया जाता है।

## महबूबा का आरोप, आने वाले सालों में देश में तिरंगे की जगह भगवा झड़ा फहराएगी भाजपा

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय के बाहर मोदी सरकार के 5 अगस्त, 2019 के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने पार्टी नेता गुलाम नबी लोन हंजुरा के साथ मिलकर लाल चौक तक विरोध मार्च निकाला। महबूबा ने केंद्र सरकार पर निशाना साधकर कहा कि जैसे-जैसे जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा के दुर्भावनापूर्ण मंसूबों का पर्दाफाश हुआ है, दमन और भय का पैटर्न अब देश के बाकी हिस्सों के दरवाजे पर भी दस्तक दे रहा है। असहमति को दबाने के लिए अपनी पालतू एजेंसियों को हथियार देना और आतंकी कानूनों का इस्तेमाल करना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि आपकी चुप्पी और मिलीभगत ने केंद्र को कहर बरपाने के लिए प्रोत्साहित किया। आज वे भारतीय लोकतंत्र का समर्थन करने वाले हर स्तंभ को तोड़कर उसे कुचल रहे हैं। भाजपा का जम्मू-कश्मीर का तथाकथित एकीकरण, जो कभी नहीं हुआ, हमें भारी कीमत चुकानी पड़ी। महबूबा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विकास सूचकांक में फिसल गया है। बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। इसी बीच महबूबा ने कहा कि भाजपा आने वाले समय में देश के संविधान को भी खत्म कर देगी और एक मजहबी मुल्क बनाएगी। जो तिरंगा आप शान से फहरा रहे हैं, उस बदलकर भगवा झंडा लाएगी। वे उसी तरह से इस मुल्क के संविधान और तिरंगे को बदलने वाले हैं, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर का संविधान और झंडा छीना था।



# भारत में 2020 में वीजा समाप्ति के बाद 40,000 विदेशी रुके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**




साल 2020 में वीजा की अवधि खत्म होने के बाद 40,000 से अधिक विदेशी देश में रुके थे,जबकि कोरोना के कारण लंबे समय तक लगे राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बावजूद 32.79 लाख से अधिक विदेशियों ने भारत यात्रा की। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2019 में वीजा की अवधि खत्म होने के बाद देश में रहने वाले विदेशी नागरिकों की संख्या 54,576 थी और 2020 में यह आंकड़ा 40,239 था। अधिकारियों ने कहा कि भारत में वीजा की तारीख से अधिक समय तक रहने पर जुर्माना, पांच साल तक की कैद और यहां तक कि देश में फिर से प्रवेश पर प्रतिबंध का प्रावधान है। भारत में वीजा खत्म होने के पहले 15 दिनों में जुर्माना शून्य है, 16 दिन से 30 दिनों के लिए 10,000 रुपये, 31 दिनों से 90 दिनों के लिए 20,000 रुपये और 90 दिनों से अधिक होने पर 50,000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान है।

एक अप्रैल, 2020 से 31 दिसंबर, 2020 के बीच कुल 32,79,315 विदेशी नागरिकों ने भारत की यात्रा की। गृह मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान भारत आने वाले विदेशियों की संख्या सबसे अधिक अमेरिका (61,190) से थी, इसके बाद बांग्लादेश (37,774), ब्रिटेन (33,323), कनाडा (13,707), पुर्तगाल (11,668) और अफगानिस्तान (11,212) से आने वाले लोग थे। उक्त अवधि के दौरान कुल 8,438 जर्मन नागरिकों, 8,353 फ्रांसीसी नागरिकों, इराक से 7,163 और कोरिया गणराज्य के 6,129 नागरिकों ने भी भारत का दौरा किया। इसके अलावा, 2020 में 4,751 पाकिस्तानी नागरिकों ने भारत का दौरा किया। एक अप्रैल, 2020 और 31 दिसंबर, 2020 की अवधि के दौरान विदेशियों के कुल आगमन का 71 प्रतिशत से अधिक का योगदान इन देशों से था, जबकि शेष देशों के नागरिकों का हिस्सा लगभग 29 प्रतिशत था।

## चीन की हेकड़ी होगी कम, सीमा पर भारत और अमेरिकी सेनाएं करेगी संयुक्त युद्धभ्यास

औली में 14 से 31 अक्टूबर तक ये सैन्य अभ्यास चलेगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सीमा पर हेकड़ी दिखाने वाले चीन को भारत और अमेरिका की सेनाएं मिलकर बड़ा जवाब देने की तैयारी में है। ताइवान विवाद को लेकर चीन और अमेरिका में ठनी हुई है। एलएसी पर चीन उकसावे वाली कार्रवाई लगातार करता रहता है। अब भारत और अमेरिका ने ड्रैगन को मुंहतोड़ जवाब देने की ठान ली है। भारत और अमेरिका की सेनाएं चीन के बॉर्डर के पास सैन्य अभ्यास करेंगी। भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच संयुक्त युद्धभ्यास का ये 15वां संस्करण है। दोनों सेनाओं के बीच सालाना मिलिट्री एक्सरसाइज होती है। जिसे युद्धाभ्यास के नाम से जाना जाता है। एक साल ये एक्सरसाइज भारत में होती है और एक साल अमेरिका में होती है।

भारत अमेरिका के होने वाले संयुक्त सैन्य अभ्यास से चीन टेंशन में है। उत्तराखंड के औली में 14 से 31 अक्टूबर तक ये सैन्य अभ्यास चलेगा। उत्तराखंड सटी एलएसी भारतीय सेना के सेंट्रल सेक्टर का हिस्सा है। यहां पर एलएसी का बाड़ोहती इलाका भारत और चीन के बीच लंबे समय से विवादित रहा है। दोनों सेनाओं के बीच इस युद्ध अभ्यास का मकसद भारत अमेरिका की समझ, सहयोग और आपसी तालमेल को बढ़ाना है। हालांकि इस सैन्य युद्धभ्यास का कूटनीतिक संदेश भी चीन को जाएगा।

## तिरंगा फहराकर और राष्ट्रगान गा कर 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाएं : केजरीवाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को लोगों से 14 अगस्त की शाम पांच बजे तिरंगा फहराकर और राष्ट्रगान गाकर आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने का आह्वान किया। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने पूरे शहर में 25 लाख झंडे बांटने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूल के छात्रों को भी झंडे दिए जाएंगे, ताकि वे उन्हें घर ले जा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा, 'देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। लोग खुश हैं और हर सरकार जश्न मना रही है।' एक ऑनलाइन सम्मेलन में उन्होंने कहा, 'आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए 'हर घर तिरंगा, हर हाथ तिरंगा' और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आज, मैं देश के लोगों से अपील करना चाहता हूं कि वे शाम पांत बजे (14 अगस्त को) राष्ट्रगान गाएं।' केजरीवाल ने लोगों से भारत को 'दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने' की दिशा में काम करने का संकल्प लेने की अपील भी की।

## देश में अवसंरचना संबंधी किसी भी परियोजना के लिए धन की कमी नहीं, ना होने दी जाएगी: गोयल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा में कहा कि देश में अवसंरचना संबंधी किसी भी परियोजना के लिए न तो धन की कमी बाधक बनी है और न ही ऐसा होने दिया जाएगा। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि अगर ऐसी किसी परियोजना में विलंब हो रहा है, तब इसका कारण समय पर जमीन का अधिग्रहण न हो पाना, कोई विवाद या कुछ और हैं। गोयल ने यह बात तृणमूल कांग्रेस के नदीमुल हक द्वारा अवसंरचना संबंधी केंद्रीय परियोजनाओं में विलंब का मुद्दा सदन में उठाए जाने पर कही।

तृणमूल कांग्रेस के हक ने बंगाल में स्मार्ट सिटी, सड़क, रेलवे, पेट्रोलियम सहित अवसंरचना संबंधी केंद्रीय परियोजनाओं में विलंब का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि 1514 परियोजनाओं में से करीब 700 परियोजनाओं में अलग अलग कारणों से विलंब हो रहा है। हक ने कुछ परियोजनाओं का जिक्र कर बताया कि ये परियोजनाएं लंबे समय से अटकी हैं, इसका कारण कोरोना से लेकर समय पर केंद्र की ओर से धन नहीं दिया जाना आदि हैं।

भाजपा की सुमित्रा ने एक अगस्त को जबलपुर में एक निजी अस्पताल में आग लगने का मुद्दा सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि पहले भी इस तरह के हादसे हुए हैं और लोगों की जान गई है। उन्होंने मांग की इसतरह के हादसों से सबक सीख कर इनकी पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। भाजपा के ही आदित्य प्रसाद ने झारखंड में अब तक पर्याप्त बारिश न होने की वजह से धान के बीज खराब होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वहां पर धान की रोपाई केवल बारह प्रतिशत ही हो पाई है। इसी दल के दीपक प्रकाश ने मांग की कि केंद्र सरकार को झारखंड में एक विशेष जांच दल भेजकर स्थिति का आकलन करना चाहिए।

बीजू जनता दल के अमर पटनायक ने कटाई के बाद समुचित रखरखाव और अवसंरचना के अभाव में अनाज तथा खाद्य सामग्रियों को होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महंगाई एक समस्या है ही, लेकिन समुचित रखरखाव और अवसंरचना की व्यवस्था कर देश के 'फूड बास्केट' में क्रांतिकारी बदलाव लाया जा सकता है।

## अखिलेश यादव का बयान, तिरंगा यात्रा के नाम पर देश में दंगे करवा सकती है भाजपा

**दैनिक हिन्द दर्पण (ज़ाहिद अनवर राजु)।**



देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा अभियान का आह्वान किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लोगों से सोशल मीडिया पर डिस्प्ले पिक्चर में तिरंगा लगाने की भी अपील की गई है जिसका असर भी दिखाई दे रहा है। इन सबके बीच हर घर तिरंगा अभियान को लेकर अखिलेश यादव ने बड़ा बयान दिया है। अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि मैं आगाह करना चाहता हूं कि भाजपा तिरंगा यात्रा के नाम पर दंगे भी करवा सकती हैं। हम सभी ने देखा था कि कासगंज में क्या हुआ था। कैसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा के नाम पर दंगे किए थे। आपको बता दें कि कासगंज में मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में तिरंगा मोटरसाइकिल रैली निकाल रहे युवकों के साथ झगड़े के बाद 26 जनवरी, 2018 को हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच हिंसा भड़क गई थी।

अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा निशाना साधा है। इसके साथ ही अखिलेश यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का इतिहास देखें तो वर्षों तक उसने अपने स्थान पर तिरंगा नहीं लगाया था। अपने बयान में समाजवादी पार्टी प्रमुख ने कहा कि भाजपा हर घर तिरंगा अभियान मना रही है लेकिन देश को यह एहसास करना होगा कि भाजपा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राजनीतिक शाखा है और हम इतिहास देखें तो आरएसएस में वर्षों तक अपने स्थान पर तिरंगा झंडा नहीं लगाया है। इसके अलावा अखिलेश यादव ने महंगाई को लेकर भी मोदी सरकार पर निशाना साधा। अखिलेश यादव ने साफ तौर पर कहा कि मोदी सरकार नहीं चाहते कि लोग जन्माष्टमी मनाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा का महंगाई से कोई लेना देना नहीं है उसने तो दूध और दही पर जीएसटी पर लगा दिए हैं यदि कोई बाबा भोलेनाथ पर एक पैकेट दूध चढ़ाना चाहे तो उसे कर नहीं देना पड़ेगा। यह सरकार चाहती है कि लोग जन्माष्टमी ना मनाएं।

दरअसल, अखिलेश यादव समाजवादी नेता जनेश्वर मिश्रा की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करने जनेश्वर मिश्रा पार्क पहुंचे थे। यहां से उन्होंने राज्य की योगी सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य नहीं बन सकता है। उन्होंने कहा कि पिछड़ी जाति के लोगों, दलितों और मुस्लिमों को भाजपा शासन में सबसे अधिक तकलीफ उठानी पड़ी है। अखिलेश यादव ने कहा कि जब उनकी पार्टी सत्ता में आएगी तो जाति आधारित जनगणना उत्तर प्रदेश में कराई जाएगी। जनेश्वर मिश्रा के बारे में उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्रा ने अपना पूरा जीवन समाजवादी सिद्धातों पर जिया। उनके जैसा किसी अन्य ने समाजवाद के सिद्धातों को आत्मसात नहीं किया।

# दंगल में लगातार दूसरे दिन गोल्डन हैट्रिक

## राष्ट्रमंडल खेलः रवि, विनेश के बाद नवीन ने जारी रखा स्वर्णिम अभियान

**बर्मिंघम।** शनिवार को राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत का स्वर्णिम अभियान जारी रहा। दंगल में भारतीय पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते लगातार दूसरे दिन गोल्डन हैट्रिक बनाई। रवि दहिया, विनेश फोगाट और नवीन कुमार ने कुश्ती में अपने प्रतिद्वंद्वी को धूल चटाकर गोल्ड जीता। इसके अलावा दस हजार मीटर पैदल चाल में प्रियंका, 3000 मीटर स्टीपलचेज में अविनाश साबले और लॉन बॉल में पुरुष टीम ने रजत पदक जीता। वहीं पूजा गहलोत ने महिला 50 किग्रा में कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही जैसमीन ने कुश्ती में कांस्य पदक जीता। इस प्रकार शनिवार को भारत ने आठ पदक अपने नाम किये। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारत अब तक 34 पदक जीत चुका है। इसमें 12 स्वर्ण, 11 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत के स्टार पहलवान रवि कुमार दहिया ने पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत लिया है। उनका पहला पदक ही स्वर्ण है। रवि ने फ्रीस्टाइल 57 किलो वर्ग के फाइनल में नाइजीरिया के एबिकेवेनिमो विल्सन को 10-0 से हराया। भारत का कुश्ती में यह चौथा स्वर्ण है। रवि से पहले बर्मिंघम में कुश्ती में दीपक पूनिया, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक स्वर्ण जीत चुकी हैं। नवीन ने कुश्ती में भारत को छठा और कुल 12वां स्वर्ण पदक दिलाया। उन्होंने फ्रीस्टाइल 74 किलो वर्ग में पाकिस्तान के मुहम्मद शरीफ ताहिर को 9-0 से हराया। नवीन ने मैच में शुरू से ही अपनी पकड़ बनाए रखी। उन्होंने पाकिस्तानी पहलवान को कोई मौका नहीं दिया। भारत को 34वां पदक बर्मिंघम में मिला।




**भारत के अब तक 34 पदक**
**12 स्वर्ण, 11 रजत, 11 कांस्य**

### राष्ट्रमंडल में विनेश ने लगाई स्वर्ण की हैट्रिक

वहीं अनुभवी पहलवान विनेश फोगाट ने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण की हैट्रिक लगा ली है। विनेश ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। उन्होंने फ्रीस्टाइल 53 किलो में श्रीलंका की चामोडया केशानी को हराया। विनेश ने यह मैच 4-0 से अपने नाम किया। उन्होंने 2014 ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किलो और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में 50 किलो वर्ग में स्वर्ण जीता था।

### पूजा गहलोत ने महिला 50 किग्रा में जीता कांस्य



बर्मिंघम भारतीय पहलवान पूजा गहलोत ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टेल लेमोफेक को हराकर कांस्य पदक हासिल किया। पूजा ने कांस्य पदक मैच में स्कॉटलैंड की पहलवान को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर मात दी। क्रिस्टेल ने मैच की शुरुआत में पूजा को टेकडाउन कर दो अंक हासिल कर लिये थे, लेकिन पूजा ने बिना समय व्यर्थ किये 12 पॉइंट हासिल किये, जिसके बाद उन्हें तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर विजेता घोषित कर दिया गया।

### जैस्मिन को कांस्य से करना पड़ा संतोष



दूसरी ओर जैस्मिन ने महिला मुक्केबाजी की 60 किग्रा भार वर्ग मेंइंग्लैंड की गेमा पैज रिचर्डसन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से संतोष करना पड़ा। हालुवास गेट क्षेत्र में महताब दास की ढाणी निवासी बॉक्सर जैस्मीन लंबोरिया (20) ने वर्ष 2016 में मुक्केबाजी में चाचा प्रविंद्र और संदीप के मार्गदर्शन में बॉक्सिंग शुरू की। जैस्मिन 60 किलोग्राम भारवर्ग की मुक्केबाज है। जैस्मिन के पिता जयबीर लंबोरिया अनुबंध आधार पर सुरक्षाकर्मी की नौकरी कर रहे हैं।

### फाइनल में पहुंची भारतीय पुरुष हॉकी टीम

राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 3-2 से हराकर तीसरी बार फाइनल में पहुची। इसके साथ ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया है।पहले क्वॉर्टर में दोनों टीम गोल करने के मिले मौकों को भुना नहीं सकी। दूसरे क्वॉर्टर में अभिषेक ने 20वें मिनट और मनदीप ने 28वें मिनट में गोल दागा। हाफ-टाइम तक भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर 2-0 की बढ़त बना ली थी। तीसरे क्वॉर्टर में दक्षिण अफ्रीका ने वापसी की। 33वें मिनट में रेयान जूलियस ने गोल दागा और स्कोर 2-1 कर दिया। तीसरे क्वॉर्टर में भारतीय खिलाड़ियों के आत्मविश्वास में कमी दिखी और उन्होंने कम काउंटर अटैक किए। इसी का फायदा दक्षिण अफ्रीका ने उठाया और गोल दागा।

### रेसवॉकिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं प्रियंका



बर्मिंघम। टोक्यो 2020 ओलंपियन भारत की प्रियंका गोस्वामी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को महिला 10 किमी रेस वॉक में ऐतिहासिक रजत पदक हासिल किया। प्रियंका ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10,000 मीटर की दूरी को 43:38.00 मिनटों में पूरा किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया की जेमीमा मॉनटाग ने 42:34.00 के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रियंका ने सीटी बजते ही ट्रैक पर बढ़त हासिल कर ली और 4,000 मीटर के बाद वह पहले स्थान पर थीं। इसके कुछ देर बाद ही वह जेमीमा और केन्या की एमिली वामुस्यी एन्जी से पिछड़ गयीं। जब प्रतियोगिता में सिर्फ दो किमी की दूरी बची थी, तब प्रियंका ने शानदार वापसी करते हुए केन्या की प्रतिद्वंदी को पछाड़ा और रजत पदक हासिल किया।

### राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ साबले ने जीता रजत



भारत के अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक अपने नाम किया। साबले ने 8:11.20 मिनट के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ दौड़ को दूसरे स्थान पर पूरा किया, जबकि केन्या के अब्राहम किबिवोट 8:11.20 मिनट में दौड़ को पूरा करके पहले स्थान पर रहे। दौड़ के शुरुआती पलों में किबिवोट और उनके हमवतन आमोस सेरेम पहले एवं दूसरे स्थान पर चल रहे थे, लेकिन आखिरी क्षणों में साबले ने अपनी रफ्तार बढ़ाते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, हालांकि वह 0.05 सेकंड से स्वर्ण पदक से चूक गये। सेरेम ने 8:16.83 मिनट के साथ कांस्य पदक से संतोष किया।

### क्रिकेट में भारत को पहला पदक मिलना तय

**बर्मिंघम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को रोमांचक सेमीफाइनल में चार रन से हराकर राष्ट्रमंडल खेल 2022 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। इसी के साथ भारत का रजत पदक सुनिश्चित हो गया हैं। भारत ने स्मृति मंधाना (61) और जेमीमाह रॉड्रिगेज (44) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 164 रन बनाए और फिर इंग्लैंड की चुनौती को 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन पर रोक लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलायी। उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 76 रन पर शैफाली वर्मा के रूप में गिरा जिन्होंने 15 रन बनाए। इसके फौरन बाद ही स्मृति भी 32 गेंदों पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (20) के आउट होने के बाद पारी की कमान जेमीमाह (44) और दीप्ति शर्मा (22) ने चौथे विकेट के लिए 38 गेंदों पर 53 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने दो विकेट लिए। भारतीय टीम ने अच्छी फील्डिंग की और कुछ रन आउट के मौके भुनाए। यही कारण रहा कि इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 160 रन बना सकी।



### पुरुष फोर्स लॉन बॉल में भारत ने जीता ऐतिहासिक रजत

भारतीय पुरुषफोर्स लॉन बोल टीम ने फाइनल में नॉर्थर्न आइलैंड से हारने के बाद रजत से संतोष किया। नॉर्थर्न आइलैंड ने भारत को 15-8 से मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि भारत ने पुरुष लॉन बोल में अपना पहला राष्ट्रमंडल पदक जीता। भारतीय टीम मैच के ज्यादातर हिस्से में मुकाबले से बाहर नजर आयी, जबकि नॉर्थर्न आइलैंड ने एक के बाद एक पॉइंट स्कोर किए। यह बर्मिंघम 2022 के लॉन बॉल आयोजन में भारत का दूसरा पदक है। इससे पहले भारतीय महिला फोर्स लॉन बोल टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया था।

## महिला हॉकीः खराब अंपायरिंग के कारण गोल्ड जीतने का सपना टूटा

### कांस्य पदक मुकाबल में खेलेगी भारतीय टीम



**बर्मिंघम।** भारतीय महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने शूट आउट में 3-0 से हराया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंच गई। भारतीय टीम भले ही गोल्ड मेडल जीतने की रेस से बाहर हो गई है, लेकिन अब भी वो कांस्य पदक अपने नाम कर सकती है। पहले यह मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ था। इसके बाद मैच का नतीजा निकालने के लिए शूट आउट खेला गया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 3-0 से जीत दर्ज की। हालांकि, खराब अंपायरिंग भी भारत की हार की जिम्मेदार रही। शूट आउट में भारत ने पहला गोल सेव कर लिया था, लेकिन फिर पता चला कि क्लॉक शुरू नहीं हुई थी और ऑस्ट्रेलिया को एक और मौका दिया गया। इसके बाद भारतीय टीम पिछड़ती चली गई। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने हाफ टाइम तक भारत पर 1-0 की बढ़त बना ली थी। ऑस्ट्रेलिया के लिए इकलौता गोल रेबेका ग्रेनर ने 10वें मिनट में किया। हालांकि, इसके बाद चौथे क्वॉर्टर में भारतीय टीम ने पहला गोल दागा। भारत के लिए वंदना कटारिया ने गोल किया। इसके साथ ही मुकाबला 1-1 की बराबरी पर आ गया है। 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में वंदना का यह चौथा गोल है।

एफआईएच ने कहा, सेमीफाइनल मैच के दौरान शूटआउट गलती से बहुत जल्दी शुरू हो गया था (तब घड़ी संचालित होने के लिए तैयार नहीं थी) जिसके लिए हम माफी मांगते हैं। हार के बाद भारतीय टीम की कप्तान सविता पूनिया भी काफी निराश नजर आईं। सविता ने कहा, इस हार से उबरने में हमें थोड़ा समय लगेगा। यह एक करीबी मैच था। हमने कड़ी मेहनत की थी लेकिन अब हमारे पास ब्रॉन्ज मेडल के लिए आखिरी मौका है।

### विंडीज के खिलाफ भारतीय टीम ने बनाई अजेय बढ़त



**फ्लोरिडा।** बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज को चौथे मुकाबले में 59 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने पंत के 44 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 191 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 132 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन और रोवमन पॉवेल ने सर्वाधिक 24-24 रन बनाए। भारत के लिए अर्शदीप सिंह ने सर्वाधिक तीन और आवेश खान अक्षर पटेल व रवि बिश्नाई ने दो-दो विकेट झटके। इससे पहले भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव ने पहले विकेट के लिए 53 रन जोड़े। रोहित ने उन्होंने 16 गेंदों में 33 रन, सूर्यकुमार ने 24 रन और दीपक हुड्डा ने 21 रन की पारी खेली। दीपक ने तीसरे विकेट के लिए पंत के साथ 47 रन की साझेदारी की। इसके बाद ऋषभ पंत और संजू सैमसन ने भारतीय पारी को आगे बढ़ाया और चौथे विकेट के लिए 38 रन की पार्टनरशिप की। पंत ने अर्धशतक से चूक गए। उन्होंने 31 गेंदों में 44 रन जुटाए और भारत का पांचवां विकेट दिनेश कार्तिक (9 गेंदों में 6) के तौर पर गिरा। संजू सैमसन (23 गेंदों में 30*) और अक्षर पटेल (8 गेंदों में 20*) नाबाद रहे। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 27 रन की अटूट साझेदारी की।



# बैंकों ने बढ़ाया कर्ज पर ब्याज

## रेपो रेट बढ़ने के अगले ही दिन कुछ बैंकों ने कर्ज पर बढ़ाया ब्याज

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए शुक्रवार को एक बार फिर रेपो रेट में बढ़ोतरी की। इसके तुरंत एक दिन बाद कुछ बैंकों ने अपना कर्ज महंगा कर दिया है, जिसके बाद मासिक किश्त की राशि बढ़ जाएगी। निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंक आईसीआईसीआई बैंक ने लोन पर ब्याज दरों को बढ़ाने का फैसला ले लिया है। आईसीआईसीआई बैंक के अलावे पंजाब नेशनल बैंक ने भी कर्ज की दर बढ़ाने की घोषणा की है।



आईसीआईसीआई बैंक ने बताया है कि बैंक ने अपना एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट में इजाफा करते हुए इसे रेपो रेट के अनुरूप कर दिया है। बैंक ने कहा है कि आईबीएलआर को बढ़ाकर 9.10 फीसदी कर दिया गया है। नई दरों को पांच अगस्त से लागू किया जाना है। वहीं सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने भी रेपो रेट बढ़ने के बाद ब्याज दरों में बढ़ोतरी का एलान कर दिया है। पंबाज नेशनल बैंक ने एक्सटर्नल बेंचमार्क, रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट को बढ़ाकर 7.9 फीसदी कर दिया है। पीएनबी ने अपनी नियामक फाइलिंग के दौरान जानकारी दी है कि उसने अपने रेपो लिंक्ड लेंडिंग रेट को .50 फीसदी बढ़ाकर इसे 7.90 फीसदी प्रतिशत कर दिया है। पीएनबी ने नई दरों को आठ अगस्त से लागू करने की जानकारी दी है। माना जा रहा है कि रिजर्व बैंक ने हाल के दिनों में लगातार बढ़ रही महंगाई से निपटने के लिए रेट में इजाफा करने का फैसला लिया है। पिछले महीनों के दौरान खुदरा महंगाई दर आरबीआई के अनुमानि स्तर से ऊपर है।

### क्या है एक्सटर्नल बेंचमार्क

आरबीआई ने एक अक्टूबर 2019 से फ्लोटिंग रेट वाले सभी नए पर्सनल और रिटेल लोन को एक एक्सटर्नल बेंचमार्क से जोड़ना अनिवार्य कर दिया था। एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट किसी लोन पर ब्याज की न्यूनतम दर होती है। एक्सटर्नल बेंचमार्क में आरबीआई का रेपो रेट भी शामिल है। बैंकों में फिलहाल तीन तरह के एक्सटर्नल बेंचमार्क रेट चल रहे हैं, जिनके हिसाब से ब्याज दरों को तय किया जाता है।

### अब कम से कम 7.8 फीसदी ब्याज पर मिलेगा कर्ज

आरबीआई द्वारा नीतिगत दरों में बढ़ोतरी के बाद अब लोगों को कम से कम 7.8 फीसदी ब्याज पर कर्ज मिलेगा। तीन महीने पहले अप्रैल में यह दर 6.4 फीसदी थी। देश के करीबन सभी बैंक होम लोन इसी दर से दे रहे हैं। अप्रैल से लेकर अब तक रेपो दर में 1.40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उसके बाद से कर्ज महंगा हो गया है। बैंक अधिकारियों का कहना है कि आरबीआई के फैसले का असर तुरंत ही दिख गया। बैंक अपनी असेट लायबिलिटी कमेटी अलको की बैठक में इस पर फैसला करेंगे। इससे ग्राहकों को अगले महीने से ज्यादा किस्त चुकानी पड़ेगी। आरबीआई के फैसले के बाद ब्याज दर अगस्त, 2019 के स्तर पर पहुंच गई है। आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी की अगली बैठक 28-30 सितंबर को होगी।

### एक फीसदी और बढ़ सकती है ब्याज दर

जनवरी तक ब्याज दर में एक फीसदी और बढ़त हो सकती है। खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों में तेजी से ऐसा होगा। एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा, आरबीआई रेपो दर को 5.75 फीसदी तक बढ़ा सकता है। दुनिया भर के केंद्रीय बैंक 75 से 100 बीपीएस की बढ़ोतरी कर रहे हैं। ऐसी धारणा है कि 75 से 100 बीपीएस की दर 50 बीपीएस से आगे जा सकती है। आरबीआई के उप गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा कि बैंकों ने पहले ही जमा पर ब्याज बढ़ाना शुरू कर दिया है। बल्क जमा पर अब तेजी से दरें बढ़ सकती हैं। 15 जुलाई को समाप्त पखवाड़े में बैंकों की उधारी में वृद्धि 12.89 फीसदी रही।।

### जमा पर अब 7.5 फीसदी तक मिल सकता है ब्याज

आरबीआई ने मई में नकद आरक्षित अनुपात सीआरआर बढ़ा दिया था। इससे बैंकों के पास से 87 हजार करोड़ रुपए निकल गए थे। इस वजह से भी बैंकों को पूंजी की जरूरत पड़ रही है। बैंकों की उधारी में 14 फीसदी की इस समय वृद्धि है। एक साल पहले 5.5 फीसदी थी। यानी करीब तीन गुना की बढ़ोतरी हुई है। पिछले तीन महीने में छोटी समय की जमाओं के ब्याज पर 1.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। ऐसे में आने वाली 3-4 तिमाहियों में 0.50 फीसदी से एक फीसदी यानि 7.5 तक बढ़ सकती है। फिलहाल जमा पर 6.5 फीसदी तक ब्याज मिल रहा है।

### कब बढ़ता और घटता है रेपो रेट

जब महंगाई बढ़ती है तो अर्थव्यवस्था में पैसे को कम करने के लिए दर बढ़ा दी जाती है। कर्ज महंगा होने से लोग खर्च कम करते हैं। इससे महंगाई घटती है। जब अर्थव्यवस्था बुरे दौर में होती है तब इसे सुधारने के लिए दरों को कम कर दिया जाता है जिससे लोग ज्यादा खर्च करते हैं। ऐसा कोरोना के समय 2020 में किया गया था। उस समय लगातार दरों को कम किया गया था।

### रेपो रेट में जारी रहेगी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी और मार्केट एक्सपर्ट का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का दौर तब तक जारी रह सकता है, जब तक रिटेल महंगाई दर छह फीसदी से नीचे ना आ जाए।क्रिसिल के चीफ इकानॉमिस्ट डीके जोशी का कहना है कि अगली बार आरबीआई रेपो रेट में 0.25 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकता है। इस बार की स्थितियों को देखते हुए आरबीआई ने रीपो रेट में इतनी ज्यादा बढ़ोतरी की है। इसके अलावा अगली मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी की बैठक तक सरकार और आरबीआई द्वारा किए गए उपायों का असर भी अर्थव्यवस्था में देखने को मिलेगा। आरबीआई को सबसे अधिक चिंता महंगाई को लेकर है। अगर रिटेल महंगाई दर में गिरावट का दौर शुरू हो गया है तो आरबीआई के पास मॉनिटरी पॉलिसी में थोड़ी नरमी बरतने की गुंजाइश बनेगी। रेटिंग एजेंसी इकरा की चीफ इकानॉमिस्ट के अनुसार आरबीआई की नजर अब पूरे तौर से महंगाई को काबू करने पर टिकी है। ऐसे में जब रिटेल महंगाई की दर छह फीसदी से नीचे नहीं आतीए तब तक आरबीआई कड़े फैसले लेना नहीं छोड़ेगा। ऐसा लग रहा है कि रिटेल महंगाई दर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में छह फीसदी से नीचे आ सकती है। जहां तक जीडीपी ग्रोथ का मामला हैए आरबीआई को मालूम है कि अगर महंगाई कंट्रोल में आ गई तो जीडीपी ग्रोथ को बढ़ाने में ज्यादा मुश्किल नहीं होगी।

## रोजगार के लिए विनिर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत

### वैश्विक स्थिति का लाभ उठाए भारतः महिंद्रा

**मुंबई।** महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा कि बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा करने और भारत के पक्ष में बढ़ रहे वैश्विक कारकों का लाभ उठाने के लिए विनिर्माण को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कंपनी की 76वीं वार्षिक आम बैठक में यहां शेयरधारकों को संबोधित करते हुए महिंद्रा ने कहा कि देश में पैदा होने वाले अवसरों का पूरा फायदा उठाने के लिए कुछ खामियों को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, इनमें से सबसे महत्वपूर्ण ऐसी वृद्धि को रोकना है, जिससे रोजगार पैदा नहीं हो रहा हो। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी, सीएमआईई के अनुसार, भारत में बेरोजगारी दर लगभग सात से आठ प्रतिशत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि नौकरी में वृद्धि आर्थिक वृद्धि के साथ तालमेल नहीं बिठा पाई है। महिंद्रा ने कहा, काम करने में सक्षम कुल श्रम बल का केवल 40 प्रतिशत ही वास्तव में काम कर रहा है या काम की तलाश में है। सबसे ज्यादा प्रभावित युवा और महिलाएं हैं। सीएमआईई के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में मानसून के दौरान बढ़ती कृषि गतिविधियों के बीच जुलाई में बेरोजगारी दर गिरकर 6.80 प्रतिशत हो गई, जो पिछले छह महीनों में सबसे निचला स्तर है।

### जून तिमाही में पेटीएम का घाटा बढ़ा

**नई दिल्ली।** डिजिटल वित्तीय सेवा फर्म वन97 कम्युनिकेशंस को एक बार फिर घाटा हुआ है। 30 जून को समाप्त तिमाही के दौरान कंसोलिडेटेड लॉस बढ़कर 644.4 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी को एक साल पहले समान अवधि में 380.2 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। बता दें कि वन97 कम्युनिकेशंस पेटीएम ब्रांड के तहत काम करती है। पेटीएम ने कहा कि उसका योगदान लाभ जून 2022 की तिमाही में तीन गुना बढ़कर 726 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 245 करोड़ रुपए था।

### मिठाई के 100 एपिसोड्स पूरे

**मुंबई।** जी टीवी का फिक्शन शो मिठाई एक लव स्टोरी और एक फैमिली ड्रामा का सुंदर संगम है, जिसे बड़ी खूबसूरती से पारंपरिक मिठाइयों से भरे एक डिब्बे में सजाकर पेश किया जा रहा है। इसमें मिठाई देबत्तमा सहा और सिद्धार्थ आशीष भारद्वाज की कहानी है, जो एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। यह शो मथुरा की एक गिफ्टेड मिठाई वाली की कहानी है, जो अपने पिता से मिली आलू जलेबियों की विरासत को संजोकर रखना चाहती है, लेकिन दुर्भाग्य से आलू जलेबियों को लोग भूलते जा रहे हैं। इस शो को दर्शक पसंद कर रहे है। इस शो ने 100 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया। सेट पर सभी लोग बड़े खुश नजर आए । मिठाई, हर सोमवार से शनिवार शाम 7 बजे, सिर्फ जी टीवी पर प्रसारित है।

## विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने एक बार फिर से भारतीय बाजार का रूख किया है। इसका असर देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर भी दिखा। तभी तो 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। इससे पहले लगातार चार सप्ताह तक इसमें कमी हुई थी। 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान शेयर बाजार में लगभग हर रोज तेजी रही। उस सप्ताह फॉरेन पोर्टफोलियो इंस्वेस्टर्स नेट इनवेस्टर थे। रिजर्व बैंक से मिली सूचना के अनुसार 29 जुलाई 2022 को समाप्त सप्ताह के दौरान देश का विदेशी मुद्रा भंडार 573.875 अरब डॉलर पर पहुंच गया। बीते 15 जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 7.541 अरब डॉलर घटा था। यदि 22 जुलाई को समाप्त सप्ताह की बात करें तो यह 571.5 अरब डॉलर पर था। आठ जुलाई को समाप्त सप्ताह के दौरानए विदेशी मुद्रा भंडार 8.062 अरब डॉलर घटकर 580.252 अरब डॉलर रह गया था। इसी महीने एक जुलाई को भी विदेशी मुद्रा भंडार 5.008 अरब डॉलर घटा था। उस समय अपना विदेशी मुद्रा भंडार 588.314 अरब डॉलर पर था। 29 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में जो बढ़ोतरी हुई, उसमें फॉरेन करेंसी असेट का बढ़ना भी शामिल है। यह कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके अलावा स्वर्ण आरक्षित भंडार बढ़ने से भी विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा हुआ है।


| राजधानी (न्यू बॉम्बे) | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | | | |
| 157 = 3 | | 499 = 2 | |
| शुभांक | | | |
| दिन | | | |
| 349 = 6 | | 267 = 5 | |
| भाग्यांक | | | |
| 3 | 6 | 9 | 0 |
| www.kalyangame.com | | | |

राज एक्सप्रेस Classifieds



**आवश्यकता**

**आवश्यकता है** ITC सिगरेट कंपनी के डिस्ट्रीब्यूटर के लिए सिगरेट सेल्समैन (हाकर) एवं स्नस्ष्टत्न लाइन के अनुभवी सेल्समैन की मिलने का समय 12 से 2 तक M.A. Enterprises गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, सी-सेक्टर, आस्था तौल कांटा केंपस **भोपाल 9425008553**
(RO.Rakesh/ 7 Aug)




**वैधानिक चैतावनी :** पाठको को सूचित किया जाता है कि किसी भी विज्ञापनों पर कोई पहल करने से पहले तथ्यों का पता अवश्य लगा लें, राज एक्सप्रेस विज्ञापन द्वारा विक्रय वृद्धि के लिए उत्तरदायी नहीं है।

# आईएएस अधिकारी आरव गोपी कृष्ण सहित 11 अधिकारी निलंबित

## आबकारी नीति को लेकर बड़ी कार्रवाई




**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आबकारी नीति को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने विजिलेंस रिपोर्ट के बाद आबकारी नीति में घोटाले के आरोप में आबकारी आयुक्त आरव गोपी कृष्ण, तत्कालीन आबकारी आयुक्त दानीक्स आनंद कुमार तिवारी सहित 11 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई आबकारी नीति को लागू करने में हुई चूक को लेकर की गई है। उन्होंने अधिकारियों के खिलाफ निलंबन और अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की विजिलेंस को मंजूरी दे दी है। इससे पहले उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जो आबकारी मंत्री भी हैं, ने पहली बार स्वीकार किया कि दिल्ली सरकार को नई आबकारी नीति 2021-22 के तहत हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके लिए उन्होंने एलजी पर आरोप लगाया, जिन्होंने 17 नवंबर 2021 से लागू हुई नई व्यवस्था पर अंतिम क्षण में यू-टर्न ले लिया। आम आदमी पार्टी (आप) नेता ने कहा कि अब वे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग कर रहे हैं।

### एलजी के पास दो बार भेजी गई थी फाइल

शनिवार को सिसोदिया के आरोपों के कुछ मिनट बाद, एलजी कार्यालय ने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली के तत्कालीन आबकारी आयुक्त, आईएएस अधिकारी आरव गोपी कृष्ण और दानिक्स अधिकारी आनंद कुमार तिवारी, उप आबकारी आयुक्त के खिलाफ प्रमुख अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने को मंजूरी दे दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सिसोदिया ने कहा कि 2021-22 आबकारी नीति को लागू करने से पहले दो बार फाइल को एलजी के पास भेजा गया था।

### लॉन्च से 48 घंटे पहले एलजी ने वापस भेजी फाइल

सिसोदिया ने कहा कि पहली बार तत्कालीन एलजी अनिल बैजल ने कुछ सुझावों और बदलावों के साथ फाइल वापस भेजी थी, जिसे दिल्ली सरकार ने शामिल किया था। डिप्टी सीएम ने कहा कि एलजी द्वारा सुझाए गए आवश्यक बदलाव करने के बाद, फाइल को नवंबर के पहले हफ्ते में दूसरी बार भेजा गया था। नई नीति को 17 नवंबर से लागू किया जाना था और एलजी ने लॉन्च से ठीक 48 घंटे पहले 15 नवंबर को फाइल वापस कर दी और हमें इसमें एक बड़ा बदलाव करने के लिए कहा। एलजी ने कहा कि अनधिकृत कॉलोनियों में शराब की दुकानों को अनुमति देने के लिए हमें दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और नगर निगम से अनुमति लेनी होगी।

### सरकार को हुआ नुकसान

सिसोदिया ने कहा कि इस वजह से, दिल्ली सरकार को हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ, क्योंकि अनधिकृत कॉलोनियों में खुलने वाली करीब 300-350 दुकानें नई व्यवस्था के तहत कभी नहीं खुल सकीं। नतीजतन, दिल्ली में शराब की दुकानें खोलने में कामयाब रही कुछ कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया, जबकि अन्य को नुकसान हुआ। नई आबकारी नीति का प्राथमिक उद्देश्य शराब की दुकानों के असमान वितरण को समाप्त करना था, जो एलजी के निर्णय की वजह से कभी नहीं हो सका। एलजी के अचानक बदलाव का कारण कुछ निजी कंपनियों या व्यक्तियों को जानबूझकर लाभ पहुंचाना हो सकता है।

## ताइवान के टॉप रक्षा अधिकारी की मौत

**ताइपे, (एजेंसी)।** अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद चीन और ताइवान के संबंध बिगड़ गए हैं। इस बीच ताइवान रक्षा मंत्रालय की अनुसंधान और विकास इकाई के उप प्रमुख ओ यांग ली-हिंग एक होटल के कमरे में मृत पाए गए।

सूत्रों ने ताइवान की आधिकारिक केंद्रीय समाचार एजेंसी के हवाले से यह जानकारी दी है। उनका शव शनिवार सुबह उस समय मिला जब वह दक्षिणी ताइवान के पिंगटुंग की व्यावसायिक यात्रा पर थे। अधिकारी अभी भी मौत के कारणों की जांच कर रहे हैं। ओ यांग ने इस साल की शुरुआत में विभिन्न मिसाइल उत्पादन परियोजनाओं की निगरानी की जिम्मेदारी ली थी। इससे ठीक पहले ताइवान की सेना ने कहा कि ताइवान जलडमरू मध्य में काम कर रहे चीनी विमान और जहाज उसके मुख्य द्वीप पर हमले की नकल कर रहे थे।

## एक्सप्रेस न्यूज

### जब से भाजपा सता में आई महंगाई बढ़ीः अखिलेश

**लखनऊ (ब्यूरो)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि जब से भाजपा सत्ता में आई है जनता के हिस्से में सिर्फ महंगाई, तबाही आई है। महंगाई की मार से गरीब-मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। घरेलू अर्थव्यवस्था चौपट है, लेकिन हैरत है कि सत्ताधारी दल को महंगाई नहीं दिखाई देती है। भाजपाराज में रसोई से जुड़ा हर सामान महंगा हो गया है। गैस सिलेण्डर, दूध, दही, पनीर, आटा, दाल, सब्जी, तेल सब महंगा हो गया है। आटा, दाल, सब्जी प्रतिदिन एक रुपए मंहगी हो रही है। एक छह वर्षीय बच्ची ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पेंसिल, रबर और मैगी के दामों में बढ़ोत्तरी की ओर ध्यान दिलाया है। इस पर भी भाजपा नेतृत्व की आंख खुल नहीं रही है। भाजपा सरकार में महंगाई के डबल अटैक ने जीना दूभर कर दिया हैं। सीएनजी, पेट्रोल, डीजल से भी ज्यादा महंगी हुई है। पीएनजी के भी दाम बढ़ गए है। सीएनजी-पीएनजी के दामों में 20 दिन में ही वृद्धि हुई है।

### 80 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने दी बीएड प्रवेश परीक्षा

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की बीएड प्रवेश परीक्षा-2022 शनिवार को प्रदेश के 10 जिलों के 14 परीक्षा केंद्रों पर हुई। प्रयागराज के परीक्षा केंद्रों पर कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने औचक निरीक्षण किया। प्रोफेसर पीके पांडेय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा में शामिल होने 8351 अभ्यर्थियों के आवेदन आए थे। जिनमें से 6614 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1737 अनुपस्थित रहे। इस तरह बीएड प्रवेश परीक्षा में अनुमानित उपस्थिति 80प्रतिशत रही। बीएड प्रवेश परीक्षा सुबह 10 से 1 तक हुई। विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र संपूर्ण उत्तर प्रदेश होने से प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गोरखपुर, मेरठ, झांसी, आगरा, कानपुर एवं अयोध्या जिले में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

### बांग्लादेश में ईंधन के दामों में तेजी से बढ़ोतरी

**ढाका, (एजेंसी)।** बांग्लादेश में ईंधन की खुदरा कीमत 1971 में देश की आजादी के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सूत्रों केअनुसार सरकार ने शुक्रवार रात ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की। ईंधन की कीमतों में 51.7 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई है जो शनिवार से तत्काल प्रभावी हुई। बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार यहां एक लीटर ऑक्टेन की कीमत अब 135 टका (यानी 1.43 डॉलर) है, जो इससे पहले 89 टका (0.94 डॉलर) प्रति लीटर था। जिसमें 51.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, डीजल और केरोसिन के दाम में 42.5 फीसदी की बढ़ोतरी होने से इसके दाम 114 टका (1.20 डॉलर) प्रति लीटर हो गए हैं। इसके अलावा पेट्रोल की कीमत अब 130 टका (1.37 डॉलर) प्रति लीटर हो गयी है। इससे पहले पेट्रोल प्रति लीटर 44 टका था। पेट्रोल की कीमतों में 51.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अधिकारियों ने बताया कि खुदरा स्तर पर ईंधन के दामों में बढ़ोतरी सरकारी वितरण कंपनियों पर सब्सिडी का बोझ कम करने के लिए किया गया है।

## आज का इतिहास

- 1606 : विलियम शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक मैकबेथ का पहली बार मंचन किया गया।
- 1871 : प्रसिद्ध चित्रकार एवं लेखक अबनिंद्रनाथ टैगोर का जन्म।
- 1905 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने ब्रिटिश सामानों के बहिष्कार की घोषणा की।
- 1925 : प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का जन्म ।
- 1941 : नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान कवि एवं लेखक रवींद्रनाथ टैगोर का निधन।
- 1960 : आइवरी कोस्ट ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1966 : अमेरिका में मिशिगन राज्य के लैंसिंग में नस्लभेदी दंगे भड़के।
- 1975 : दक्षिण अफ्रीका की अभिनेत्री चार्लीज थेरोन का जन्म।
- 1985 : गीत सेठी विश्व अमेचर बिलियर्ड्स चैंपियनशिप जीतने वाले तीसरे भारतीय बने।

## नीतीश के बाद तेलंगाना के सीएम ने भी किया नीति आयोग की बैठक से किनारा

# चंद्रशेखर राव ने कहा- कोई फायदा नहीं दिख रहा है

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में 7 अगस्त को होने वाली नीति आयोग की बैठक से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बाद अब तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव ने भी किनारा कर लिया है। बैठक में हिस्सा नहीं लेने के संबंध में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री राव ने कहा कि उन्हें नीति आयोग की बैठक से कोई फायदा नहीं दिख रहा है। रविवार को होने वाली नीति आयोग की बैठक में फसल विविधीकरण और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के कार्यान्वयन सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होने वाली है।

के चंद्रशेखर राव ने कहा कि मैं विरोध के रूप में रविवार को दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की 70वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का हिस्सा नहीं बनूंगा। इसके साथ-साथ राव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा है, जिसमें उन्होंने राज्यों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए उनकी जरूरतों और शर्तों के आधार पर योजनाओं को डिजाइन और उसमें बदलाव किए जाने की व्यवस्था नहीं देने को लेकर केंद्र के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है।

### पीएम मोदी को लिखे पत्र में केसीआर ने कहा

केसीआर ने पीएम मोदी के लिखे पत्र में कहा है कि भारत एक मजबूत राष्ट्र के रूप में तभी विकसित हो सकता है, जब राज्य विकसित हों। उन्होंने कहा कि मजबूत और आर्थिक रूप से जीवंत राज्य ही भारत को एक मजबूत देश बना सकते हैं। मैं भारत को एक मजबूत और विकसित देश बनाने के हमारे सामूहिक प्रयास में राज्यों के साथ भेदभाव करने और उन्हें समान भागीदार के रूप में नहीं मानने के केंद्र सरकार के वर्तमान रुख के खिलाफ इस बैठक से दूर रहूंगा।

### नीतीश ने भी बैठक से बनाई दूरी

दूसरी ओर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शनिवार को नीति आयोग की बैठक में नहीं लेने का फैसला किया। नीतीश कुमार एक महीने के अंदर दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ होने वाली बैठक में शामिल नहीं होंगे। कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोरोना से उबरे हैं। नीतीश कुमार नीति आयोग की बैठक में डिप्टी सीएम को भेजना चाहते थे, लेकिन उनको बताया गया कि इस बैठक में केवल मुख्यमंत्री ही शामिल हो सकते हैं। पिछले महीने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के लिए पीएम मोदी द्वारा आयोजित रात्रिभोज और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल नहीं हुए थे।

### हर साल होती है नीति आयोग की बैठक

नीति आयोग के शीर्ष निकाय संचालन परिषद में सभी मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री नीति आयोग के चेयरमैन हैं। आमतौर पर पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है। पिछले साल 20 फरवरी को मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक हुई थी। कोरोना के कारण 2020 में परिषद की बैठक नहीं बुलाई थी।



**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को राखियां भेंट**

विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से जुड़े स्कूली बच्चों और युवाओं ने शनिवार को नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सीमा पर तैनात सशस्त्र बलों के जवानों के लिए राखी भेंट की।

## गिरफ्तार डीएसपी रजक पर ईओयू की कार्रवाई शुरू

**पटना, (एजेंसी)।** बिहार लोक सेवा आयोग, (बीपीएससी) के पेपर लीक कांड में गिरफ्तार डीएसपी रंजीत रजक के खिलाफ ईओयू की कार्रवाई शुरू हो गई है।

रजक के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी चल रही है। ईओयू की टीम पटना, कटिहार और अररिया में ठिकानों पर रेड कर रही है। दो दिन पहले उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की एफआईआर ईओयू ने दर्ज की थी। उसके बाद कोर्ट से कार्रवाई के लिए परमिशन मांगी थी। कोर्ट के आदेश पर ईओयू ने कार्रवाई शुरू कर दी है। रंजीत के खिलाफ अकूत संपत्ति के सबूत मिलने पर ईओयू ने आगे की कार्रवाई के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी। ईओयू को कोर्ट से हरी झंडी मिलते ही रजक पर शिकंजा कस दिया है। इसके तहत कटिहार के मनिहारी के गांव हंसबर स्थित पैतृक मकान में रेड चल रहा है। कटिहार में उनके एक संबंधी के पेट्रोल पंप पर कार्रवाई चल रही है। अररिया के महादेव चौक पर भी ईओयू रंजीत के ससुराल में रेड कर रही है।

## कुंभ 2025 के दृष्टिगत विभागों की समीक्षा

### बैठक के पूर्व मंडल आयुक्त ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण

**प्रयागराज (कुन्दन श्रीवास्तव)।** 2025 के कुंभ को भव्यता प्रदान करने को लेकर प्रयागराज मंडल तथा जिले के अधिकारियों ने युद्ध स्तर पर कसरत शुरू कर दी है। इसी श्रृंखला में नव नियुक्त मंडलाआयुक्त ने तलख अंदाज से यह संदेश तो दे ही दिया है कि कुंभ की तैयारी मे किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय स्थित गांधी सभागार में कुंभ 2025 के दृष्टिगत दीर्घकालीन परियोजनाओं के संबंध में बैठक संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

सर्वप्रथम विद्युत विभाग द्वारा प्रस्तुत कई प्रस्तावों के औचित्य पर असहमति जताते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित अफसरों को फटकार लगाई तथा आंकड़े संबंधित सवालों के जवाब न देने तथा पूरी तैयारी से बैठक में न आने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष को शिकायती पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य अभियंता विद्युत को भविष्य में हर प्रोजेक्ट को स्वयं फिल्टर करने के बाद ही उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है। चिकित्सा विभाग द्वारा दिए प्रस्तावों में से विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के उच्चीकरण के लिए दिए प्रस्ताव पर संस्तुति देते हुए मंडलायुक्त ने सबसे पहले शहर के आसपास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के उच्चीकरण पर ध्यान देने को कहा है। बैठक में सेतु निगम द्वारा मेडिकल कॉलेज चौराहे एवं महाराणा प्रताप चौराहे से मिश्र भवन तक दो फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव दिए , जिस पर मंडल आयुक्त ने एक ज्वाइंट कमेटी बनाकर इन फ्लाई ओवरों की आवश्यकता पर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने चंद्रशेखर आजाद पार्क में बनाई गई झील एवं जोगिंग ट्रैक के जीर्णोद्धार के कार्यों को संस्तुति दे दी है तथा शीघ्र काम शुरू करने को कहा है।

**मंडलायुक्त ने दी अफसरों को हिदायत**

## चीन में कोरोना बेकाबू, 80 हजार से ज्यादा फंसे

**बीजिंग, (एजेंसी)।** चीन में कोरोना एक बार फिर से बेकाबू हो गया है। चीन के 'हवाई' कहे जाने वाले सान्या शहर में शनिवार को अधिकारियों ने लॉकडाउन लगा दिया। इसके चलते वहां पर करीब 80 हजार पर्यटक फंस गए हैं। अधिकारियों ने पूरे शहर में एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। शनिवार सुबह से सान्या शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर पाबंदी लगा दी गई है और लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। सान्या शहर की आबादी 10 लाख से ज्यादा है। देश के दक्षिणी तट पर स्थित हैनन प्रांत की राजधानी सान्या एक टूरिस्ट स्पॉट है।

**चीन के सामने नई चुनौतीः** कोरोना के मामलों में आए इस अचानक उछाल ने चीन के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं। अब उसके लिए जीरो कोविड और इकॉनमिक ग्रोथ की पॉलिसी के बीच बैलेंस बनाने में खासी मशक्कत करनी होगी। वहीं इस नए लॉकडाउन के बाद आशंका है कि घरेलू पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ेगा। बता दें कि एक अगस्त से शनिवार सुबह तक सान्या शहर में कुल 455 कोरोना केस मिले थे, लेकिन बड़े पैमाने पर टेस्ट की शुरुआत होने के बाद अचानक से कोरोना विस्फोट के हालात बन गए।



### हवाई टिकट हुए काफी महंगे

इसके बाद शनिवार सुबह अधिकारियों ने इस हालात को बेहद गंभीर बताते हुए प्रतिबंध लागू कर दिए। सान्या शहर में सोशल मीडिया के जरिए आम लोगों और पर्यटकों से अपील की गई है कि वह हालात को समझें और सरकार को इस काबू पाने में अपना समर्थन दें। सरकारी मीडिया के मुताबिक सान्या के डिप्टी मेयर हे शिगैंग ने बताया कि फिलहाल सान्या में 80 हजार से ज्यादा पर्यटक रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि सान्या छोड़ने से पहले लोग सुनिश्चित करें कि 48 घंटे के अंदर उनके दो निगेटिव पीसीआर टेस्ट हो चुके हों। इस बीच हवाई टिकटों के दाम अचानक से बढ़ने लगे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि शहर में फंसे सभी लोग यहां से कैसे निकल पाएंगे।

## केरल में मुन्नार के पास भूस्खलन

**इडुक्की, (एजेंसी)।** केरल में इडुक्की जिले में मुन्नार के निकट कुंडला पुथुक्कुडी में शनिवार सुबह मूसलाधार बारिश से भूस्खलन होने से दो दुकानों और एक मंदिर पर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया। सूत्रों के मुताबिक घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के बाद करीब 142 परिवारों को देवीकुलम पंचायत के राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया। मलबे में दो ऑटो रिक्शा के फंस जाने से सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हो गया है।

## रिश्तेदार के घर में उसके दो बच्चों समेत 10 लोग जलकर खाक

**आग बुझाने पहुंचा दमकलकर्मी रह गया सन्न**

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में एक मकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। आग बुझाने आया दमकलकर्मी उस समय हक्का बक्का रह गया जब उसे मालूम चला कि आग उसके रिश्तेदार के घर में लगी है और मृतकों में उसका बेटा, बेटी, ससुर, पत्नी का भाई एवं अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए तीन बच्चों की उम्र क्रमशः पांच, छह और सात साल है।

नेस्कोपेक वालंटियर फायर कंपनी के दमकलकर्मी हेरोल्ड बेकर ने बताया कि 10 मृतकों में उसका बेटा, बेटी, ससुर, पत्नी का भाई, बहन एवं पांच अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। बेकर ने बताया कि शुरुआत में उन्हें जो पता दिया गया था, वह पड़ोस के एक घर का था, लेकिन घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उसे मालूम चला कि यह उसके रिश्तेदार का घर है।

### रात ढाई बजे मकान में लगी आग

नेस्कोपेक के इस मकान में शुक्रवार देर रात ढाई बजे के बाद आग लगी। आपातकर्ताओं के पहुंचने के तुरंत बाद एक व्यक्ति घर के अंदर मृत मिला। सुबह दो अन्य लोगों के शव मिले। राज्य की पुलिस और आपराधिक जांचकर्ता इस मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोग जलते हुए मकान में से बाहर निकलने में सफल रहे। दमकल कंपनी की सचिव हेदी नोर ने बताया कि मृतकों में से एक 19-वर्षीय डेल बेकर दमकलकर्मी था, जो 16 साल की उम्र में कंपनी में शामिल हुआ था। उन्होंने बताया कि डेल बेकर के दोनों माता-पिता दमकल सेवा के सदस्य थे और यह परिवार जरूरतमंदों की मदद करने में हमेशा आगे रहता था।

## व्हाइट हाउस के नजदीक बिजली गिरने से तीन मरे

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति के निवास स्थल, व्हाइट हाउस के नजदीक बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई। वाशिंगटन डीसी पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि बुधवार शाम को व्हाइट हाउस के उत्तर में लाफायेट स्क्वायर में बिजली गिरने से एक 29 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। विस्कॉन्सिन के एक 70 वर्षीय दंपत्ति की भी इस हादसे में झुलस जाने के बाद मौत हो गई। इन तीनों के साथ झुलसे अन्य की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। आपातकालीन सेवाकर्मी ने पहले बताया था कि इस दुर्घटना में शामिल चारों लोगों को गंभीर रूप से जानलेवा चोटें लगी थीं।

व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव काराइन जीन-पियरे ने शुक्रवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि लाफायेट पार्क में बिजली गिरने से हुई मौतों से वे लोग दुखी हैं। अपने परिजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं और हम घायल लोगों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। नेशनल लाइटनिंग सेफ्टी काउंसिल के अनुसार, इस वर्ष बिजली गिरने से कम से कम 12 लोगों की मौत हो चुकी है।

**उपलब्धि** — **एक छोटे से गांव से निकलकर देश के दूसरे सबसे सर्वोच्च पद तक पहुंचे नव निर्वाचित उपराष्ट्रपति, बढ़ाया राजस्थान का मान**

# राजस्थान हाईकोर्ट में वकालत से शुरू हुआ धनखड़ का सफर

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



उपराष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आ गए हैं। एनडीए उम्मीदवार जगदीप धनखड़ ने आसानी से जीत दर्ज कर ली। धनखड़ के पक्ष में 528 वोट मिले। वहीं, विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को महज 182 वोट मिले। कुल 710 वैध वोटों में जीत के लिए 356 वोट की मिलने जरूरी थे।

राजस्थान के झुंझुनू के एक छोटे से गांव से निकलकर देश के दूसरे सबसे सर्वोच्च पद तक का सफर तय करने वाले धनखड़ की जिंदगी काफी संघर्षों वाली रही। जिस क्षेत्र में उन्होंने कोशिश की, उसमें उन्हें सफलता मिली। 12वीं के बाद आईआईटी में सिलेक्शन हुआ। एनडीए के लिए भी चयन हो गया। स्नातक के बाद सिविल सर्विसेज परीक्षा भी पास की, लेकिन उन्होंने वकालत का पेशा ही चुना। राजनीति में आने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव लड़े और जीतकर मंत्री तक का सफर पूरा किया, लेकिन इसके बाद उन्हें जिंदगी का सबसे बड़ा दुख मिला।

### सैनिक स्कूल में पढ़े, राजनीति में हासिल किया नया मुकाम

जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई 1951 को राजस्थान के झुंझनू जिले के किठाना में हुआ। पिता का नाम गोकल चंद और मां का नाम केसरी देवी है। वे चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर आते हैं। शुरुआती पढ़ाई किठाना के सरकारी स्कूल से हुई। पांचवीं के बाद गरधाना के स्कूल और इसके बाद चित्तौड़गढ़ के सैनिक स्कूल में पढ़ाई की। 12वीं के बाद भौतिकी में स्नातक किया। इसके बाद राजस्थान विवि से कानून की पढ़ाई की। उनका चयन आईआईटी व एनडीए के लिए हुआ था, लेकिन नहीं गए। स्नातक के बाद उन्होंने सिविल सर्विसेज परीक्षा पास की। हालांकि, आईएएस बनने की बजाय उन्होंने वकालत का पेशा चुना। उन्होंने वकालत की शुरुआत भी राजस्थान हाईकोर्ट से की थी। वे राजस्थान बार काउसिंल के चेयरमैन भी रहे थे।

### 14 साल के इकलौते बेटे की मौत ने झकझोर दिया

धनखड़ की शादी 1979 में सुदेश धनखड़ के साथ हुई। दोनों के दो बच्चे हुए। बेटे का नाम दीपक और बेटी का नाम कामना रखा, लेकिन ये खुशी ज्यादा दिन नहीं रही। 1994 में जब दीपक 14 साल का था, तब उसे ब्रेन हेमरेज हो गया। इलाज के लिए दिल्ली भी लाए, लेकिन बेटा बच नहीं पाया। बेटे की मौत ने जगदीप को पूरी तरह से तोड़ दिया। हालांकि, किसी तरह उन्होंने खुद को संभाला। महज 14 साल के बेटे के खोने का गम आज भी धनखड़ भूल नहीं पाए। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो धनखड़ बेटे को याद करके आज भी रोने लगते हैं।

### जनता दल से चुनाव लड़े, सांसद चुने जाते ही मंत्री बन गए

धनखड़ ने अपनी राजनीति की शुरुआत जनता दल से की थी। धनखड़ 1989 में झुंझनु से सांसद बने थे। पहली बार सांसद चुने जाने पर ही उन्हें बड़ा इनाम मिला। 1989 से 1991 तक वीपी सिंह और चंद्रशेखर की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी बनाया गया था। हालांकि जब 1991 में हुए लोकसभा चुनावों में जनता दल ने जगदीप धनखड़ का टिकट काट दिया तो वह पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए और अजमेर के किशनगढ से कांग्रेस के टिकट पर 1993 में चुनाव लड़ा और विधायक बने। 2003 में उनका कांग्रेस से मोहभंग हुआ और वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। 2019 में जगदीप धनखड़ को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाया गया था।